उज्जैन
मंगलवार
03
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-92
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



नीलम शाहरुख-गौरी के नजदीक आने की वजह बनीं एक्ट्रेस को खुद एसआरके ने बताया था कि कैसे उन्होंने दोनों को करीब लाने में अहम भूमिका निभाई

पेज- 8

## अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% किया



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जिस ट्रेड डील का इंतजार था, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसकी घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रेड डील की घोषणा की। ट्रम्प ने दावा किया कि मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं। ट्रम्प के मुताबिक, जरूरत पड़ी तो भारत वेनेजुएला से तेल लेगा।

## नॉर्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं। इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे रॉड-लार्सन का 25 दिसंबर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है। दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फॉरवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि 'जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो।' हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर कांग्रेस बोली- मोगैम्बो खुश है



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार देर रात अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा- ऐसा लग रहा है कि पीएम मोदी ने आखिरकार हार मान ली है। जयराम रमेश ने दो पोस्ट किए। पहले में उन्होंने लिखा- भारत को अपनी ही सरकार की कार्रवाइयों की जानकारी ट्रम्प या उनके नियुक्त प्रतिनिधियों से मिलती है। अब यह जैसे एक रूटीन बनता जा रहा है। कांग्रेस महासचिव ने दूसरे पोस्ट में लिखा- वॉशिंगटन में साफ तौर मोगैम्बो खुश है।

## एयर इंडिया के लंदन-बेंगलुरु बोइंग 787 में फ्यूल स्विच खराब

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के लंदन से बेंगलुरु जा रहे बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में इंजन फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी तकनीकी गड़बड़ी सामने आने के बाद विमानन सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह खराबी उड़ान पूरी होने के बाद रिपोर्ट की गई, जिसके तुरंत बाद एयर इंडिया ने संबंधित विमान को एहतियातन ग्राउंड कर दिया और जांच शुरू कर दी है। यह मामला इसलिए भी संवेदनशील माना जा रहा है, क्योंकि इसी तरह की गड़बड़ी जून 2025 में हुए एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 हादसे की जांच के केंद्र में रही थी। जानकारी के अनुसार, बोइंग 787-8 विमान ने लंदन से बेंगलुरु तक की उड़ान पूरी की थी। विमान के बेंगलुरु में लैंड करने के बाद पायलट ने तकनीकी रिपोर्ट में बाएं इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच के असामान्य व्यवहार की जानकारी दी।

### हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, एमपी और यूपी में घना कोहरा

# मप्र के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट


### रोहतांग-भरमौर में 6 इंच बर्फ गिरी, गुलमर्ग में पारा माइनस 8 डिग्री

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल

उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदलाव आया है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 4 फरवरी तक पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी।

मध्य प्रदेश 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री रहा।

बिहार के 5 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई। लाहौल-स्पीति के रोहतांग और भरमौर में सबसे ज्यादा 6 इंच बर्फबारी हुई। कल्पा में तापमान माइनस 3.8 डिग्री डिग्री रहा।



शिमला-ठियोग-रामपुर नेशनल हाईवे पर फिसलन बढ़ गई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण सर्दी बढ़ी है। सोमवार को गुलमर्ग में तापमान माइनस 8 डिग्री, लद्दाख के द्रास में -15.1 डिग्री रहा।

## अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलिकॉप्टर सप्लाई करेगी



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है। यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलिकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था।

अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलिकॉप्टर खरीद घोटाला है। इसमें कंपनी पर 12 एडब्ल्यू-101 हेलिकॉप्टर की खरीद में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों और बिचौलियों को लगभग 360 करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है।

## सिलेंडर फटा, बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मेरठ

मेरठ के परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के पसवाड़ा गांव में छोटा गैस सिलेंडर फटने के बाद एक दुकान में आग लग गई। इस हादसे में दुकान स्वामी की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

कई घंटे आग बुझाने में लग गए। जब तक आग बुझ पाती, तब तक सबकुछ खाक हो चुका था। पुलिस की मानें तो बुजुर्ग काफी समय से यहां अकेला रह रहा था। परिजनों को सूचित कर शव को मोर्चरी भेजा गया है। ग्राम पसवाड़ा में 75 वर्षीय योगेंद्र अकेला रहता था। उन्होंने अपने कमरे के आगे ही एक छोटी सी दुकान खोल रखी थी। सोमवार देर शाम योगेंद्र घर में खाना बना रहे थे। इसी दौरान धमाके के साथ सिलेंडर फट गया और घर में आग लग गई। चंद सेकेंड में आग ने पूरे कमरे को घेर लिया। बाहर ना निकल पाने के कारण योगेंद्र बुरी तरह झुलस गए और उनकी मौत हो गई।

## अवैध बांग्लादेशी-रोहिंग्या की पहचान करना सरकार की जिम्मेदारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ हैदराबाद

लोग सिर्फ अधिकारियों को खबर दे सकते हैं; उन्हें देश से बाहर भी भेजना होगा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि अवैध रूप से भारत में घुसने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों की पहचान करना और उन्हें देश से बाहर भेजना सरकार की जिम्मेदारी है।

नागरिक इस तरह के मामलों की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे सकते हैं। मोहन भागवत ने यह बात रविवार को हैदराबाद में आयोजित संघ यात्रा के 100 वर्ष नए आयाम कार्यक्रम के दौरान कही। यह कार्यक्रम RSS की शताब्दी के अवसर पर आयोजित किया गया था। हैदराबाद दौरे के दौरान भागवत ने फिल्म जगत की हस्तियों और सीनियर ब्यूरोक्रेट्स से भी मुलाकात की।

दुनिया में हो रही उथल-पुथल का भारत पर न्यूनतम असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसकी वजह भारत की पारिवारिक व्यवस्था, सोना बचाने की प्रवृत्ति और परिवार आधारित आर्थिक गतिविधियां हैं।

आरएसएस को समझने के लिए संघ का हिस्सा बनकर उसका अनुभव लेना जरूरी है। आरएसएस को केवल सतही रूप से समझा जाए, तो उसे गलत तरीके से भी समझा जा सकता है।

### स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर बदलाव

# विशाल बजट का उपयोग जर्जर पाइपलाइनों की मरम्मत और उन्हें बदलने के लिए किया जाएगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे में बदलाव करने जा रही है। सीएम शहरी विकास अधोसंरचना-5 के तहत 5,000 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इस विशाल बजट का उपयोग जर्जर पाइपलाइनों की मरम्मत करने और उन्हें बदलने के लिए किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से अमृत परियोजनाओं के अंतराल को भरा जाएगा और लंबे समय से लंबित सीवरेज व वाटर सप्लाई के कार्यों को गति दी जाएगी।

इंदौर के भागीरथपुरा जैसी जल प्रदूषण की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए राज्य सरकार ने 10 जनवरी से एक राज्यव्यापी स्वच्छ जल अभियान संचालित किया है। जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल जागरूकता और जल सुनवाई की थीम पर आधारित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को



आपूर्ति किए जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच करना और जल प्रदाय प्रणाली में जनता का भरोसा बहाल करना है। इस अभियान के तहत अब तक 90,453 पानी के नमूने लिए गए, जिनमें से 973 सैंपल फेल पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 9,801 अमृत मित्र महिलाएं घर-घर जाकर पानी के सैंपल एकत्र करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में जुटी हुई हैं। पारदर्शिता और जन-सुनवाई के लिए हर मंगलवार को विशेष जल सुनवाई आयोजित की जा रही है। इस पहल के माध्यम से पानी के प्रदूषण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से सुलझाया जा रहा है। इस अभियान की थीम है जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल जागरूकता यानी जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल सुनवाई।

### लीकेज और क्रॉसिंग पॉइंट्स की पहचान की जा रही

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी जल प्रदाय प्रणाली को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए सप्लाई लाइनों और सीवर लाइनों के लीकेज और क्रॉसिंग पॉइंट्स की पहचान की जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक पहचाने गए 15,718 लीकेज में से 14,661 की मरम्मत पूरी की जा चुकी है। इसके साथ ही , पूरे प्रदेश में 3,298 ओवरहेड टैंकों में से 3,144 टैंकों की सफाई का कार्य संपन्न हो चुका है, ताकि जमा गंदगी से पानी दूषित न हो। पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश के 21,215 ट्यूबवेलों में से 9,668 की गुणवत्ता जांच की गई है। इस जांच के दौरान 185 ट्यूबवेल प्रदूषित पाए गए, जिन्हें तत्काल प्रभाव से पीने के पानी के उपयोग के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर शहर और गांव वाटर सेफ (पानी के मामले में सुरक्षित) बने और नागरिकों को शुद्ध जल का मौलिक अधिकार मिल सके।



## खबर एक नजर...

### इलेक्ट्रीक बोर्ड में पिन लगा रहे बालक को लगा करंट

उज्जैन। माकडोन के भाटपुरा में रहने वाला परिवार घर से आटा चक्की संचालित करने का काम करता है। रविवार देर शाम परिवार का 15 वर्षीय पुत्र विशाल पिता महेन्द्रसिंह गेहूं पीसने के लिये आटा चक्की चालू कर रहा था। उसने जैसे ही इलेक्ट्रिक बोर्ड में पिन लगाई। उसे करंट लग गया। हाथ झुलसने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है।

### गंदे पानी की समस्या है तो आज यहां करें शिकायत



उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निदेर्शानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मंगलवार 03 फरवरी को शहर के 09 स्थलों पर जल सुनवाई होगी। शहर में गुदरी टंकी, चार धाम टंकी, रवि शंकर टंकी, नागझिरी टंकी, सुभाष नगर टंकी, पार्श्वनाथ टंकी, बसंत विहार टंकी, देवास गेट टंकी नगर निगम मुख्यालय, कलेक्ट्रेट भवन पर जल सुनवाई का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक किया जाएगा। जल कार्य एवं सीवरेज समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा द्वारा बताया गया कि मंगलवार से शहरवासियों की पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पीएचई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहकर समस्याओं का समाधान करेंगे। जल सुनवाई में निम्नलिखित समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

### पूरे मेला क्षेत्र का 20 करोड़ रुपए का सुरक्षा बीमा करवाएगा नगर निगम

उज्जैन। व्यापार मेला से संबंधित नगर निगम की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निगम अधिकारियों के साथ आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें बताया नगर निगम द्वारा पूरे मेला क्षेत्र का 20 करोड़ रुपए का सुरक्षा बीमा करवाएगा। निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा व्यापार मेले में नगर निगम द्वारा मेले का लेआउट डालने का कार्य, शौचालय की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सिविल वर्क, कंट्रोल रूम आदि की व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, उपायुक्त योगेंद्रसिंह पटेल, मनोज मौर्य, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, पलाश शर्मा, जगदीश मालवीय, सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे, प्रदीप सेन, सहायक यंत्री, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार उपस्थित रहे।

### अमर शहीद गजेंद्र राव सुर्वे के माता-पिता को किया सम्मानित

उज्जैन। अमर शहीद गजेंद्र राव सुर्वे के 20वें बलिदान दिवस पर नगर निगम द्वारा वार्ड 46 स्थित सिंधी कॉलोनी गली नं. 4 में स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया। शुरूआत वीर शहीद गजेंद्र राव सुर्वे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समारोह में शहीद को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, शिवेंद्र तिवारी ने अमर शहीद के पिता अशोक राव सुर्वे एवं माता कल्पना सुर्वे का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। जिसे हवलदार रविप्रताप सिंह, अनिल तोमर एवं सवाईसिंह शेखावत का भी सम्मान किया गया।

## होली पर दुर्लभ संयोग: भद्रा और चंद्र ग्रहण एक साथ

# ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



इस वर्ष होली पर्व पर भद्रा और खग्रास चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसको लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। 2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा, जबकि अगले दिन 3 मार्च को धुलेंडी के दिन खग्रास चंद्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण से 12 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ कार्य और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, 2 मार्च को शाम 5:55 बजे भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्रसम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है।

17 मिनट तक पूर्ण खग्रास की स्थिति धुलेंडी के दिन 3 मार्च को खग्रास चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। यह उदित चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें लगभग 17 मिनट तक पूर्ण खग्रास स्थिति बनी रहेगी। सूतक काल के दौरान आमतौर पर शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है।

पानी से होली खेलने से बचने की सलाह ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण के दिन केवल गुलाल यानी सूखे रंग से होली मनाई जा सकती है। इससे पर्व की धार्मिक मान्यता प्रभावित नहीं होती और किसी भी प्रकार का ग्रहण दोष नहीं लगता। इस दौरान जल से होली खेलने से बचने की सलाह दी गई है। शास्त्रीय नियमों और सावधानी के साथ होली मनाने से परंपरा और आस्था दोनों सुरक्षित रहती हैं। साधना का विशेष समय पंडित डिब्बेवाला ने बताया कि ग्रहण काल साधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है। इस दौरान इष्ट देव या गुरु मंत्र की माला जाप करने से मंत्र सिद्धि का लाभ मिलता है।

## उज्जैन वासियों को अवंतिका द्वार से प्रवेश की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल ने सोमवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर का दौरा किया। उन्होंने उज्जैन वासियों को महाशिवरात्रि पर अवंतिका द्वार से सुगम प्रवेश दिलाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने अवंतिका द्वार पर दर्शन व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। महापौर टटवाल ने बताया कि उन्हें अवंतिका द्वार से अच्छे और व्यवस्थित तरीके से दर्शन हुए। यह व्यवस्था लंबे समय से उनकी प्रमुख मांग रही है।

इससे पहले, महापौर मुकेश टटवाल ने 10 जनवरी को एक पत्र जारी किया था। इसमें उन्होंने उज्जैन शहर के श्रद्धालुओं को अवंतिका द्वार पर होने वाली परेशानी का जिक्र करते हुए आधार कार्ड से सुलभ और शीघ्र दर्शन की सुविधा देने की बात कही थी। इसका उद्देश्य स्थानीय श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से राहत दिलाना था। महापौर ने यह भी कहा कि उज्जैन शहर में रहने वाले लोगों के लिए रोजाना सुगम और व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने समिति से आग्रह किया कि महाशिवरात्रि के दिन शहर के लोगों के लिए अवंतिका द्वार से प्रवेश बंद न किया जाए और उज्जैन वासियों को सम्मानजनक तरीके से भगवान महाकाल के दर्शन कराए जाएं।

## जिले में 77 केंद्रों पर 40 हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस वर्ष जिले में 40 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के लिए उज्जैन जिले में कुल 77 केंद्र बनाए हैं। इनमें से सबसे अधिक 26 केंद्र उज्जै?न विकासखंड में बनाए हैं।

फरवरी के दूसरे सप्ताह से 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू होंगी। एडीपीसी गिरीश तिवारी ने बताया जिले में कुल 77 केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसमें 43 केंद्र शासकीय स्कूलों में और 34 केंद्र प्राइवेट स्कूलों में बनाए हैं। उज्जैन विकासखंड में 26, घट्टिया विकासखंड में 5, खाचरौद विकासखंड में 16, बड़नगर, महिदपुर और तराना विकासखंड में 10-10 केंद्र बनाए हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 23 हजार 710 विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें 20 हजार 322 रेगुलर विद्यार्थी और 3 हजार 388 प्राइवेट विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 16 हजार 463 विद्यार्थी शामिल होंगे। इनमें 13 हजार 957 रेगुलर विद्यार्थी और 2 हजार 506 प्राइवेट विद्यार्थी शामिल हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर 4 फरवरी को सभी प्राचार्यों, व्याख्याताओं और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की बैठक भी रखी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक होगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च तक होगी। 10 संवेदनशील केंद्रों पर रहेगी विशेष नजर जिले में 10 परीक्षा केंद्र ऐसे भी हैं, जो संवेदनशील केंद्रों की श्रेणी में हैं।

## एग्जाम स्पेशल : कक्षा 10वीं



Exam special by : Rahul Shukla
( Educator n Motivator Guru )

## सामाजिक विज्ञान को हल्के मे न लें

एम पी स्टेट बोर्ड एक्जाम में कक्षा दसवी का एक महत्वपूर्ण विषय है सामाजिक विज्ञान या सोश्यल स्टडीज। इसमें चार विषय समाहित हैं क्रमशः भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र व लोकतांत्रिक राजनीति। आज हम भूगोल व अर्थशास्त्र के महत्वपूर्ण टॉपिक पर बात करते हैं।

भूगोल : संसाधन व उसके प्रकार, सतत पोषणीय विकास,पृथ्वी सम्मेलन,राष्ट्रीय वन नीति, मृदा का वर्गीकरण,वनों का वर्गीकरण, हीराकुण्ड बांध परियोजना, सरदार सरोवर बांध, झूम प्रणाली, भारत की प्रमुख फसलें व उसके प्रमुख उत्पादक राज्य, भूदान, ग्रामीण, प्रमुख लौह अयस्क एवं उसके उत्पादक क्षेत्र, खनिजों के प्रकार, प्रमुख कोयला क्षेत्र व खान, उद्योगों का वर्गीकरण , स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्ग, परिवहन के प्रकार।

भूगोल में नक्शा महत्वपूर्ण भाग है अतः इन नक्शों का अध्ययन मे खासा महत्व है।

रावतभाटा, नरोरा, एच वी जे पाइपलाइन, बोकारो , भिलाई, जमशेदपुर , राउरकेला , विशाखापट्टनम, चैन्नई, बालाघाट , सिगरौली व कुद्रेमुख।

**अर्थशास्त्र :** प्रतिव्यक्ति आय, प्रथम मानव विकास रिपोर्ट , अर्थव्यवस्था के क्षेत्र- प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र। अल्प व प्रच्छन्न बेरोजगारी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 ।

संगठित व असंगठित क्षेत्र मे अंतर, वैश्वीकरण। उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम आरटीआई, आईएसआई व एगमार्क।



इनका दैनिक रिवीजन करते रहना चाहिए।

**-निरंजन कुमार बेलिया**
**शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उज्जैन।**

## मेले का 20 करोड़ रुपए का बीमा होगा, वाहनों पर 50 प्रतिशत छूट मिलेगी

# महाशिवरात्रि से गुड़ीपड़वा तक एक माह लगेगा व्यापार मेला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में 15 फरवरी माह महाशिवरात्रि से 19 मार्च गुड़ी पड़वा तक व्यापार मेला लगाया जाएगा। मेले की सुरक्षा को देखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का 20 करोड़ का सुरक्षा बीमा नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को एक बैठक आयोजित की जाएगी।

सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निगम अधिकारियों के साथ व्यापार मेले आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक की गई। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।



फरवरी माह में 15 तारीख महाशिवरात्रि पर्व से 19 मार्च गुड़ी पड़वा तक प्रस्तावित व्यापार मेले में नगर निगम द्वारा व्यवस्थाएं और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए है। इसके लिए मेले का लेआउट डालने का कार्य, शौचालय की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सिविल वर्क, कंट्रोल रूम, इत्यादि जो भी व्यवस्थाएं समय पूर्व करने को कहा है।

उत्सव के दौरान 13 से 17 मार्च तक पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव होगा। 17 और 18 मार्च को 'महाकाल पृथ्वी का समय' विषय पर एक शोध संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।19 मार्च को सृष्टि आरंभ दिवस नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर उज्जैन का गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस दिन प्रातःकाल रामघाट और दत्त अखाड़ा घाट पर सूर्योपासना की जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में भी विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

विक्रमोत्सव का मुख्य समापन कार्यक्रम 19 मार्च को शाम 7 बजे शिप्रा नदी के तट पर आयोजित होगा। इस समारोह में सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण प्रदान किए जाएंगे तथा विक्रम पंचांग 2082-83 और आर्ष भारत के द्वितीय संस्करण का लोकार्पण किया जाएगा। सुप्रसिद्ध कलाकार सोनू निगम अपनी सांगीतिक प्रस्तुतियां देंगे। रामघाट पर भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

उज्जैन
मंगलवार
03
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावरस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित् सत्यादभ्यधिकं क्वचित्॥

**अर्थः** समंदर के जहाज की तरह, सत्य स्वर्ग का सोपान है। सत्य से जादा पावनकारी और कुछ नहीं।

## खबर एक नजर...

### भारत-न्यूजीलैंड मैच के टिकट के नाम से एपीके फाइल भेज ठगा

**इंदौर।** शहर में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें आरोपियों ने जनवरी में हुए भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच के टिकट और कुछ लोगों को शादी के कार्ड के नाम पर एपीके फाइल भेजकर बीते 32 दिनों में करीब 150 लोगों को ठग लिया। आरोपियों ने मोबाइल पर लिंक या फाइल भेजी, जिसे खोलते ही पीड़ितों के फोन का एक्सेस बदमाशों के हाथ लग गया और उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लिए गए। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार आरोपियों ने अलग-अलग बैंक खातों में 15 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए। ठगी का शिकार हुए ज्यादातर लोग इंदौर के रहने वाले हैं, जिन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की है। जांच में सामने आया कि एपीके फाइल इंस्टॉल होते ही मोबाइल में मौजूद ओटीपी, बैंक डिटेल्स और निजी जानकारी आरोपियों तक पहुंच गई।

### सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल, एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** सांसद शंकर लालवानी के खिलाफ एक युवक द्वारा भागीरथपुरा मामले को लेकर आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। सांसद प्रतिनिधि विशाल गिदवानी ने यह शिकायत साइबर सेल में दर्ज करवाई है। मामले में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। क्राइम ब्रांच ने उत्तरप्रदेश के इस इन्फ्लुएंसर के खिलाफ सांसद के खिलाफ गलत तरीके से वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल करने के मामले में यह एफआईआर दर्ज की है। जतिन मिश्रा नाम के इस इंफ्लुएंसर के सोशल मीडिया पर दो पेज हैं। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने मीडिया को बताया जतिन मिश्रा ने इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी के मामले को लेकर एक वीडियो बनाया था। इस वीडियो में उसने ग्वालियर और मंदसौर के साथ इंदौर का भी उल्लेख किया है। सांसद प्रतिनिधि गिदवानी ने कहा कि असत्य और असभ्य बोला गया है। जो कभी सांसद से मिला ही नहीं, उसने सस्ता प्रचार पाने के लिए ऐसा किया। अब सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### तुकोगंज पुलिस ने केस दर्ज कर 4 को पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर की सड़कों पर कानून का खुलेआम उल्लंघन करते हुए कुछ युवक कार में लटककर हुड़दंग कर रहे थे। उन्होंने बीट के दो सिपाहियों को कट भी मारी। युवाओं का हुड़दंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। तुकोगंज पुलिस ने दो कारों को जब्त कर चार युवकों को गिरफ्तार भी किया है। टीआई जितेंद्र यादव के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मयूर (20) पिता मुरारी लाल माटा निवासी सुदामा नगर और सुमित (23) पिता अजय शर्मा निवासी शीतल नगर बाणेश्वरी कुंड के पीछे हैं। ये दोनों थार चला रहे थे। वहीं स्विफ्ट कार में लटकने वाले हेमांशु (18) पिता शिव कुमार कुशवाह निवासी गणेश धाम, जय (18) पिता जितेंद्र ठाकरे निवासी कुशवाहा को भी पकड़ा है। पुलिस ने आरक्षक देवेंद्र जादौन की तरफ से शिकायत दर्ज की है। जादौन ने बताया कि मैं और मेरा साथी धर्मवीर हम दोनों बीट में घूम रहे थे, तभी थार और दूसरी कार में युवक लटककर तेजी से जा रहे थे। उन्होंने हमें कट मारी और हम गिरते-गिरते बचे। इसके बाद आरोपी ने कार को आगे जाकर रोका और फिर तेजी से दौड़ा दी।

## दिल्ली की तरह इंदौर में भी वन-वे में रॉन्ग साइड घुसे तो एफआईआर

# पहले चरण में शहर के 42 वन वे पर कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




शहर के ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने के लिए इंदौर पुलिस ने दिल्ली पुलिस की तर्ज पर सख्त कदम उठाने की तैयारी कर ली है। अब तक वन-वे पर रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर सिर्फ चालानी कार्रवाई होती थी, लेकिन अब ऐसा करने पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। पहले चरण में यह सख्ती सिर्फ घोषित किए गए 42 वन-वे पर ही की गई है। बाद में इसे अन्य रूट पर भी लागू किया जा सकता है।

डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी ने बताया कि बीएनएस के नए कानूनों के तहत धारा 281 में वन-वे रूट में खतरनाक तरीके से रॉन्ग साइड वाहन चलाना क्रिमिनल अफेंस माना गया है। यदि ऐसे कृत्य से किसी की जान को खतरा पैदा होता है, तो आरोपी वाहन चालक पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

पहले यह अपराध आईपीसी की धारा 279 के तहत आता था, लेकिन अब नए कानून में इसे और सख्त बनाया गया है। इसका मकसद सड़क हादसों को रोकना और वन-वे नियमों का सख्ती से पालन कराना है, ताकि सही दिशा में चलने वाले लोगों की जान जोखिम में न पड़े। डीसीपी कलादगी ने कहा कि जल्द ही शहर के सभी थाना प्रभारियों के साथ को-ऑर्डिनेशन कर उन्हें रॉन्ग साइड वाहन चालकों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जाएंगे। जल्द इस पर कार्रवाई शुरू होगी।

**दिल्ली में 1 माह में 154 एफआईआर-** दिल्ली-एनसीआर में वर्ष 2025 में 3 लाख से अधिक ऐसे मामले सामने आए, जिनमें वन-वे उल्लंघन से हादसों की स्थिति बनी। इसके बाद 3 जनवरी 2026 से दिल्ली पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया और महज 1 माह में ही 154 लापरवाह वाहन चालकों पर एफआईआर दर्ज कर दी।

### तेज गति, हुड़दंग पर हो रही है एफआईआर

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने बताया, आजाद नगर और तुकोगंज क्षेत्रों में सड़क पर हुड़दंग, रेस ट्रैक की तरह तेज ड्राइविंग करने और लोगों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों को चिह्नित कर एफआईआर दर्ज की जा रही है। अब रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर भी कार्रवाई की जाएगी। 6 माह की कैद, 10 हजार तक जुमार्ना, 500 से 10 हजार रुपए तक जुमार्ना, 6 माह तक की कैद।मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 (खतरनाक तरीके से वाहन चलाना) और धारा 116 भी लगाई जा सकती हैं।

### जानलेवा बन जाता है रॉन्ग साइड आना

ट्रैफिक एक्सपर्ट प्रफुल्ल जोशी के मुताबिक, वन-वे रूट पर वाहन चालक यह मानकर चलता है कि सामने से कोई वाहन नहीं आएगा। ऐसे में रॉन्ग साइड से वाहन आना जानलेवा बन जाता है।

## इंदौर में फैक्ट्री से छोड़ा जा रहा रासायनिक गंदा पानी

# 1 लाख 20 हजार का स्पॉट फाइन लगाया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर नगर निगम क्षेत्र में आने वाले कुमेडी क्षेत्र में अपर आयुक्त प्रखर सिंह पहुंचे। उन्होंने सांवेर रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट जल निस्तारण की समीक्षा की।

उन्हें देखा कि कुछ औद्योगिक इकाइयां नियमों का उल्लंघन करते हुए रासायनिक अपशिष्ट पानी को सीधे सीवरेज लाइन में छोड़ रही है, जिससे सीवरेज व्यवस्था व पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचने की संभावना है। अपर आयुक्त ने तत्काल सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

निर्देशों का पालन करते हुए सोमवार को कलर केम नामक कंपनी द्वारा रासायनिक पानी को सीवरेज में छोड़े जाने की पुष्टि होने पर संबंधित कंपनी पर 1 लाख रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोहराए जाने पर और कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी।

**कार्रवाई के दौरान ये रहे मौजूद-** कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी नरेंद्र कुरील, सीएसआई सत्येंद्र सिंह तोमर, ड्रेनेज सब-इंजीनियर सिद्धांत मेहता, बल्क सुपरवाइजर एवं ड्रेनेज सुपरवाइजर सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

**आयुक्त के निर्देश पर आउट फॉल चेक किए-** आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 17 के वार्ड 19 कुमेडी क्षेत्र में जोनल अधिकारी कुरील के निर्देशन में फैक्ट्री के आउट फॉल चेक किए गए। निरीक्षण में कुमेडी क्षेत्र की फैक्ट्री डिलाइट इनोवेशन द्वारा कचरा नाले में फेंका जा रहा था। साथ ही गंदा पानी नाले में छोड़ा जा रहा था ' जिसके विरुद्ध सीएसआई आशीष कापसे एवं उपयंत्री सिद्धांत मेहता ने 20 हजार रुपए का स्पॉट फाइन किया।

# नशेड़ी पिकअप चालक ने 10 गाड़ियों को टक्कर मारी, चार गंभीर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर के सबसे व्यस्त इलाके खंडवा नाका चौराहे पर सोमवार दोपहर एक लोडिंग वाहन का कहर देखने को मिला। नशे की हालत में तेज रफ्तार चालक ने कई बाइक चालकों को टक्कर मार दी। लोडिंग वाहन कई लोगों को कुचलता गया और आखिर में एक निजी स्कूल की दीवार से जा टकराया। हादसे में करीब 10 लोग घायल हुए, जिनमें ललिता पति राहुल निवासी पिपल्याहाना, भागीरथ पिता पूरनलाल, चेतना पिता भागीरथ कस्तूरबा ग्राम, राहुल पिता प्रेम सिंह निवासी पिपल्याहाना को गंभीर चोट आई हैं।

भंवरकुआं टीआई राजकुमार यादव के अनुसार आरोपी चालक गजेंद्र प्रजापत (45) पिता देवानंद प्रजापत निवासी लाबरिया भेरू, धार रोड है। हादसा दोपहर 12.45 बजे राधास्वामी सत्संग के सामने हुआ। आरोपी तेजाजी नगर से आईटी पार्क की ओर जा रहा था। पहले चौराहे पर चार-पांच वाहनों को टक्कर मारी, फिर स्कूल के पास खड़े लोगों को चपेट में ले लिया। वहां मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में वाहन मालिक दिलीप पिता रमेशचंद्र सैनी निवासी समाजवादी इंद्रा नगर को भी आरोपी बनाया जाएगा। हादसे में 50 वर्षीय भागीरथ शुक्ला और उनकी 23 वर्षीय बेटी चेतना भी घायल हुई। चेतना का रोजगार मेले में इंटरव्यू था, जिसके लिए वह पिता के साथ जा रही थी। हादसे में भागीरथ शुक्ला गंभीर घायल हो गए हैं। स्कूल कर्मचारी विशाल दम्मानी ने बताया कि 1 बजे स्कूल की छुट्टी होने वाली थी।

# श्याम टेलर की पहली टीम में इंदौर से 3-4 नामों की चर्चा, बढ़ेगा दबदबा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्याम टेलर की पहली प्रदेश टीम को लेकर संगठन के भीतर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, टीम की औपचारिक घोषणा से पहले फाइनल राउंड की बातचीत चल रही है और इस पूरी कवायद में इंदौर का वजन सबसे ज्यादा भारी नजर आ रहा है।

संगठन से जुड़े अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि इस बार की टीम में इंदौर से 3 से 4 चेहरों को जगह देना लगभग तय माना जा रहा है। यही वजह है कि इंदौर लॉबी को प्रदेश राजनीति में मजबूत संदेश देने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

शामिल होने वालों इंदौर से शुभेंद्र सिंह गौड़ का नाम बताया जा रहा है। वर्तमान में युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री रहे गौड़ को संगठन और युवाओं, दोनों स्तर पर स्वीकार्य चेहरा माना जाता है। सूत्रों की मानें तो टीम श्याम टेलर में उन्हें ह्याकी रोलह्व सौंपा जा सकता है, जिससे वे प्रदेश संगठन में निर्णायक भूमिका निभाते नजर आएं। वहीं युवा मोर्चा के वर्तमान नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा भी दौड़ में मजबूत स्थिति में बताए जा रहे हैं। संगठन के भीतर उनकी छवि ग्राउंड पर काम करने वाले नेता की रही है। पिछले कार्यकाल में संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने के चलते उनका नाम सेफ चॉइस के तौर पर देखा जा रहा है।

इंदौर से तीसरा अहम नाम नितिन द्विवेदी का बताया जा रहा है। भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दोनों में कार्य अनुभव रखने वाले द्विवेदी को संगठन और कम्युनिकेशन ब्रिज के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि मीडिया और विचारधारा, दोनों मोर्चों पर उनकी पकड़ उन्हें प्रदेश टीम में खास बनाती है। इसके अलावा नयन दुबे, जो एबीवीपी पृष्ठभूमि से युवा मोर्चा तक पहुंचे हैं और वर्तमान में नगर उपाध्यक्ष हैं, उनके नाम पर भी सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। छात्र राजनीति से संगठन तक की यात्रा उन्हें युवा वर्ग में स्वीकार्य बनाती है। इन नामों के अलावा नगर महामंत्री धीरज ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष अमित पालीवाल जैसे चेहरे भी रडार पर बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर संकेत साफ हैं कि टीम श्याम टेलर में इंदौर को प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### अभ्युदयसागरजी म. का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया

**उज्जैन।** मालव मार्तण्ड डॉ. आ. श्री मुक्तिसागरसूरीश्वरजी म. की निश्रा में आपके उपकारी गुरुदेव श्री शंखेश्वर आगम मंदिर संस्थापक श्री अभ्युदयसागरजी म. सा. के जन्म शताब्दी वर्ष की चतुर्थ मासिक तिथि श्री सिद्धचक्राराधन तीर्थ खाराकुंआ पर त्रिदिवसीय महोत्सव के साथ मनाई जा रही है। 1 फरवरी को समूह सामायिक रखी गई। जिसमे उज्जैन के सभी सामायिक मंडलों को बुलवाया गया। 2 फरवरी प्रातः कांच के मंदिर दौलतगंज से गुरुदेव का भव्य वरघोड़ा निकाला गया। खाराकुआं उपाश्रय में गुणानुवाद सभा हुई। सर्वप्रथम गुरुदेव की तस्वीर समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यारोपण एवं गुरुपूजा की गई। महिला मंडल द्वारा गहुली गान एवं अशोक भंडारी के वक्तव्य के बाद आ. श्री अचलमुक्तिसागरसूरिजी म. ने अपना स्वानुभव सुनाया। मालव मार्तण्ड आचार्य श्री ने उनकी दीर्घदृष्टि, उदारता, सहृदयता, सिद्धांत निष्ठा और संयम दृढ़ता के किस्से कहे। संचालन सुभाष जैन आगमोद्धारक ने किया। कार्यक्रम में 100 लक्की ड्रॉ भी निकाले गए। जिसका लाभ अंजू मनोज सुराणा और खाराकुआं के दोनों मंडलों ने लिया। अंत में समूह सामायिक, आयंबिल आदि में 100 रुपए की प्रभावना करने वाले कोमलबेन सागरमल डगवाले तथा अंजू सुराणा का बहुमान पेढ़ी ट्रस्ट की ओर से किया गया। स्वामिवात्सल्य का लाभ बाबूलाल धूमडिया, अहमदाबाद वाले ने लिया।

### गीता भवन में 8वां निशुल्क शिविर हुआ

**बड़नगर।** आरडीगार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन के तत्वाधान में गीता भवन में 8वा स्वास्थ्य शिविर माह के प्रथम सोमवार को आयोजित किया गया। डॉ. कैलाश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर प्रारंभ किया गया। संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने उपस्थित सभी चिकित्सक एवं नर्सो का पुष्प माला से सम्मान किया गया। डॉक्टर कैलाश शर्मा ने बताया कि लगातार 25 वर्षों से निःशुल्क अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा सोनोग्राफी, एक्सरे, युरिन टेस्ट, हृदय रोग, कम सुनाई देना, मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति आदि के रोगियों को निःशुल्क इलाज उज्जैन में हो रहा है साथ ही उज्जैन के आस पास के 10 जिलों के ग्रामीण क्षेत्र के लोग चिकित्सा हेतु उज्जैन निःशुल्क इलाज करवा रहे हैं।

### अग्रवाल जेसिस ने गजलक्ष्मी मंदिर पर कुलदेवी का किया सोलह श्रृंगार

# रविदास जयंती पर संत रविदास घाट पर 2121 दीपों के साथ समरसता महाआरती का भव्य आयोजन





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर माँ क्षिप्रा तट स्थित संत रविदास घाट पर 2121 दीपों के दीपोत्सव के साथ समरसता महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सर्व रविदास अनुयाई समाज परिषद मध्यप्रदेश एवं श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें सकल हिंदू समाज ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर महामंडलेश्वर परम श्रद्धेय शांति स्वरूपानंद जी महाराज मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदरणीय प्रवीण कुमार गुप्त जी थे। कार्यक्रम में अनेक संत-महंतों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से महंत मनोरमा भारती जी, महंत स्वामी अमर गिरी जी, महंत ज्ञानेश्वरी पुरी जी, महंत राजीव लोचन जी, महंत सेवागिरी जी, थानापति देवनीगिरी जी महाराज, संत सदाजप जी महाराज, संत ओरदास जी त्यागी महाराज, संत रामदास त्यागी महाराज, महंत महावीर नाथ जी महाराज, महंत रामेश्वरानंद जी महाराज एवं अंतरराष्ट्रीय संत स्वामी परमानंद जी महाराज सम्मिलित रहे।

साथ ही कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, महापौर मुकेश टटवाल, मालवा प्रांत सह-कारवाह रघुवीर सिंह सिसोदिया, सामाजिक समरसता प्रांत संयोजक मुकेश दिशावल सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर परिषद के प्रदेश महासचिव रमेशचन्द्र सुर्यवंशी धर्मेन्द सिंह मोर्य सेखर दिशावल धर्मेन्द सिंह परिहार राकेश गेहलोत मनीश गोयल सेखर श्रीवास्तव राकेश खाडेकर योगेश्वरी राठौर जगदीश पांचाल नेता प्रतिपक्ष रवी राय जी केलाशचन्द्र सुर्य वंशी विरेन्द्र अजमेरी अजय राठौर भगवान खाडेकर सुरेश कुसमारिया जगदीश चोहान रमेशचन्द्र कलेसरिया जगदीश गुजराती अम्बाराम रजोरिया आत्माराम मेगवंशी महेश बिरोलिया अजाक्स जिलाध्यक्ष रतनलाल परमार अंकित मोहने प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना, मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास, सर्व कल्याण बजरंग दल ने मांगा न्याय

### असामाजिक तत्वों की शीघ्र पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना संगठन उज्जैन एवं राष्ट्रीय जाट महासभा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर कार्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना, मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास, सर्व कल्याण बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही पुलिस अधीक्षक, उज्जैन को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया कि 30 तारीख की रात को उज्जैन दौरे के दौरान सामाजिक संगठन राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना (म.प्र.) के अध्यक्ष चौ. ईश्वर जाट को जान से मारने की धमकी देने वाले असामाजिक तत्वों की शीघ्र पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ ही चौ. ईश्वर जाट एवं उनके परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की गई। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है, तो पूरे प्रदेश में ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। उसके पश्चात भी कार्रवाई नहीं होने पर संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में उपस्थित हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान, मुरली निगम, राजकुमार झंझोट, हरि माली, मुकेश कुमावत, जीवन सिंह बादल, राहुल चावड़ा, बने सिंह माली, जितेंद्र कुशवाह, दशरथ आंजना, राजेश पांचाल, मुकेश कुशवाह, निर्मल सेन, भानु ठाकुर, अर्जुन सेन, पप्पू नाथ मकवाना, राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना, योगेश जाट नगर सचिव, राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना, सोनू जाट नगर मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना, श्रवण जाट नगर महासचिव राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना ने न्याय और सुरक्षा की मांग की।

## निशुल्क नीलम ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 के शुभारंभ




**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

क्षीरसागर स्टेडियम में संस्था लक्ष्य उज्जैन द्वारा आयोजित निशुल्क नीलम ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 के शुभारंभ अवसर पर स्वर्गीय सुल्तान लाला, अमानुल्लाह खान, प्रेम कुमार यादव, डॉ,, बम शंकर जोशी, गफ्फार पुंजवानी के परिवार एवं मित्रों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

आयोजन समिति अध्यक्ष इरशाद कुरैशी एवं उपाध्यक्ष इरफान राइन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर ओमप्रकाश जोशी, रमेश सक्सेना, युसूफ मंसूरी, ब्लैक बेल्ट कबीर अब्बास, पूर्व पार्षद अ. रहीम लाला, असफानउल्ला खान, पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अर्पित यादव, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव भरतशंकर जोशी, बार काउंसिल के सचिव प्रकाश चौबे, एडवोकेट जावेद डिप्टी, वरुण शर्मा, समीर उल हक, टाइगर अकादमी के डायरेक्टर सैयद जमीर अब्बास, हाफिज कुरैशी, बंटी फेज मोहम्मद, नईम भाई उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन में कहा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए संस्था लक्ष्य का यह प्रयास निशुल्क क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन सराहनीय है। मैन ऑफ द मैच अवार्ड सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल की ओर से मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फैजान खान को प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था लक्ष्य, उज्जैन के सदस्यों ने युवा नेता आरिफ अली का केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया कार्यक्रम का संचालन आसिफ खान ने किया। मैच की कमेंट्री इकबाल उस्मानी ने की। आभार संस्था लक्ष्य के अध्यक्ष असलम अहमद शाह लाला ने माना। उपरोक्त जानकारी आपका प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं सैयद आशिक अली ने दी।

# आर्द्र भूमि का नष्ट होना मानव जीवन के बड़े खतरे की घंटी : प्राचार्य प्रो कल्पना सिंह

### जंगलों की तुलना में आर्द्र भूमियां तीन गुना तेजी से खत्म हो रहीं: प्रो पी आर व्यास



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

विश्व के देशों में लगभग 90 प्रतिशत आर्द्र भूमियां नष्ट हो चुकी है। जंगलों की तुलना में आर्द्र भूमियां तीन गुना तेजी से खत्म हो रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस पर हमें गंभीरता से इसको बचाने का संकल्प लेना होगा।

यह उद्गार प्रकृति शोध संस्थान उदयपुर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भूगोलविद् प्रो पी आर व्यास ने माधव कॉलेज द्वारा वर्ल्ड वेटलैण्ड डे पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आर्द्र भूमि को बचाने का संकल्प समाज से जुड़ा विषय है। नदियों और तालाबों के किनारे पर मिट्टी का जुड़ाव कम होता जा रहा है। आर्द्र भूमि का नष्ट होना आगे भयावह स्थिति का निर्माण कर सकती है। पवित्र जल को बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसके लिए समाज को जागरूक बनाना होगा। आर्द्र भूमियां और पारंपरिक ज्ञानः सांस्कृतिक विरासत का भौगोलिक परिदृश्य विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के भूगोल विभाग के डॉ राजेश कुमार माहौर ने कहा कि रामसर कन्वेंशन : 2 फरवरी, 1971 को ईरान के रामसर शहर में कैस्पियन सागर के तट पर आर्द्र भूमियों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। पहली बार विश्व आर्द्रभूमि दिवस 1997 में मनाया गया था। 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे एक आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव अपनाया। भारत की वर्तमान स्थिति में फरवरी 2026 तक 98 कुल संख्या रामसर साइट्स हैं। प्रो लक्ष्मण लाल परमार टीएसपी बांसवाड़ा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में इस समस्या के निराकरण हेतु हलमा प्रथा चलाया जा रहा है। हलमा प्रथा में जल किनारे पर छोटे-छोटे गड्ढे कर पौधे लगाए जा रहे हैं। उक्त आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन में आईक्यूँएसी, एसडीजी एक्टिव सेल एवं क्षेत्रीय कार्यालय प्रकृति शोध संस्थान, उज्जैन के भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान किया गया। सेमिनार के शुभारंभ पर संयोजक एवं विभागाध्यक्ष भूगोल डॉ मोहन निमोले ने विषय प्रवर्तन करते हुए वर्ल्ड वेटलैण्ड डे पर गंभीरता से विचार कर कार्य आरंभ करने की बात कही। सेमिनार के दूसरे चरण में विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर आधारित चित्रकला विभाग की प्राध्यापक अल्पना उपाध्याय, डॉ नीता तोमर, डॉ नीलिमा नागदेव के सहयोग से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु दिव्या राय, द्वितीय स्थान रितिक बीजोंरिया एवं तृतीय स्थान पर कु महिमा आशवारा ने प्राप्त किया। सेमिनार के तृतीय सत्र में विष्णु सागर तालाब पर स्वच्छता अभियान, आर्द्रभूमि संरक्षण की शपथ दिला कर हमारी प्राकृतिक एवं संस्कृतीक धरोहर को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। आभार सेमिनार सह-संयोजक डॉ गणेश राठौर ने माना।

## खबर एक नजर...

### बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य, सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें- मुकेश धानक

**उज्जैन।** बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, नए-नए इतिहास गढ़ें तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और देश का नाम रोशन करें।

यह बात ग्राम पंचायत कुंडला भाखेड़ा के सरपंच, किसान नेता एवं अखिल भारतीय गुजराती बलाई युवा संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश धानक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। मुकेश धानक का जन्मदिन विद्यालय अक्षदा अकादमी, पिपल्या मोलू में विद्यार्थियों एवं समस्त शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक नागेश्वर धानक एवं संजय धानक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही स्टाफ सदस्य दीपिका बेस, मुस्कान मंसूरी, शिवराज राज सिंह, शिवना पाटीदार, दीक्षिता सिसोदिया एवं तस्लीम मंसूरी मैडम सहित समस्त स्टाफ ने सरपंच मुकेश धानक जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

### सास ससुर ने बहू की भावना का सम्मान कर पढ़ने को स्कूल भेजा

**महिदपुर रोड. !** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11वीं कला संकाय में अध्यनरत छात्रा मधु पति शिवम ने हाई स्कूल परीक्षा में 94% अंक प्राप्त कर उज्जैन नगर में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर नगर का नाम रोशन किया। मधु वर्तमान में नगर के सैलून संचालक अर्जुन सेन के परिवार के बेटे शिवम सेन की बहू होकर क क्षा ग्यारहवीं में कला संकाय में अध्ययन कर रही है। छात्रा मधु सेन का सपना है कि वह हायर सेकेंडरी परीक्षा 2027 में मेरिट में उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन रोशन करे उसकी मंशा शासन की योजना की स्कूटी एवं लैपटॉप अर्जित कर आगे की पढ़ाई भी नियमित रूप से कर सके। उसका सपना प्रशासनिक सेवा में जाने का है। मधु होशियार एवं प्रतिभावान छात्रा है, एक गरीब परिवार से आकर पढ़ाई बाधित न हो इस कारण इस विद्यालय में नि यमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया है।उसकी आगे पढ़ने की और कुछ कर गुजरने की इच्छा से उसके साथ ससुर अर्जुन तथा सासू मां रीना सेन ने भी उसकी भावना को मूर्त रूप देते हुए नियमित छात्रा के रूप विद्या लय जाने की अनुमति दे दी उसकी आशा एवं उपलब्धि को देखते हुए विद्यालय परिवार ने शील्ड प्रमाण पत्र एवं फाइल फोल्डर देकर सम्मानित किया प्रभारी प्राचार्य शिवनारा यण बामनिया, वरिष्ठ शिक्षक अ शोक पोरवाल, अनुपम त्रिवेदी,सरिता पाली वाल,सुजाता राय,श्रद्धा सूर्यवंशी, संगीता पासी , आ दि ने हर्ष व्यक्त किया।

### कार्य के चलते लेवल क्रॉसिंग गेट बद रहेगा

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के फतेहाबाद चंद्रावतीगंज - इंदौर सेक्शन के अजनोद- पालिया स्टेशन के मध्य लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 230 का रास्ता बंद कर मरम्मत कार्य किया जा जाना है।

# अभिनव रंगमंडल के 40वे राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ

### प्रथम संध्या को रंग विदूषक भोपाल द्वारा दूसरों ना कोई का मंचन हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अभिनव रंग मंडल के 40वे राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ 2 फरवरी को हुआ। शुभारंभ समारोह के अतिथि अनिल कुमार पूर्व डीजी लोकायुक्त, मनोहर बैरागी, डॉ गोपाल शर्मा, पिलकेंद्र अरोरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

नाट्य समारोह में प्रथम संध्या को रंग विदूषक भोपाल द्वारा ₹दूसरों ना कोई₹ का मंचन हुआ। कैसे होली खेलूं री सांवरिया के संग... होली के रस भरे गीत- 'कैसे होली खेलूं री सांवरिया के संग...। यह संत कवियित्री मीरा बाई के जीवन और उनकी कृष्ण भक्ति पर आधारित रहा।

अंजना पूरी द्वारा लिखे इस नाटक की कल्पना 7 साल पहले रंगकर्मी बंसी कौल ने की थी, जिसके निर्देशक कन्हैया लाल कैथवास हैं। 1 घंटे 10 मिनट की इस प्रस्तुति में 17 कलाकार मंच पर रहे। इसमें मीरा बाई के बाल्यकाल से लेकर उनके जीवन के उतार-चढ़ाव, समाज से मिले विरोध जैसे प्रसंगों को पिरोया गया।

वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा ने बताया कि अभिनव रंगमंडल उज्जैन ने अपनी रंग यात्रा के 44 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। 2 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक संस्था का 40 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह होगा। समारोह के पहले दिन 2 फरवरी को रंग विदूषक भोपाल द्वारा श्रीमती अंजना पुरी की पटकथा पर ₹दूसरो न कोई₹ नाटक का मंचन हुआ।, जिसका निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के स्नातक, कन्हैया लाल कैथवास द्वारा किया गया, नाटक मीराबाई के जीवन पर आधारित था। आज 3 फरवरी को एक रंग मुंबई द्वारा फिल्म ,सीरियल, वेब सीरीज, और रंगमंच के आर्ट डायरेक्टर जयंत देशमुख के निर्देशन में नादिरा बब्बर द्वारा रचित नाटक ₹सकुबाई₹ की प्रस्तुति होगी, यह नाटक घर में काम करने वाली स्त्री के जीवन पर आधारित है , 4 फरवरी को वरिष्ठ रंग निर्देशक शरद शर्मा के निर्देशन में जे बी प्रिस्टले द्वारा रचित और सुरेंद्र शर्मा व प्रतिमा शर्मा द्वारा अनूदित नाटक ₹एक इंस्पेक्टर से मुलाकात ₹की प्रस्तुति होगी , यह नाटक सस्पेंस नाटक है। 5 फरवरी को डॉ एम सईद खान के निर्देशन में ₹गालिब इन न्यू डेल्ही₹ का मंचन होगा, जिसका निर्देशन और लेखन डॉ सईद आलम ने किया है, यह प्रस्तुति पिरोज ट्रूप नयी दिल्ली द्वारा की जायेगी। यह एक हास्य प्रस्तुति है।

6 फरवरी को मंच रंगमंच अमृतसर द्वारा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वरिष्ठ स्नातक केवल धालीवाल के निर्देशन में ₹वापसी₹ नाटक का मंचन होगा। यह नाटक दुनिया के खिलाफ इंसानी दया की कहानी है, नाटक की रचना अमरजीत ग्रेवाल ने की है। 7 फरवरी को रूपांतर नाट्य मंच गोरखपुर द्वारा दारिया फो द्वारा रचित और अपर्णेश मिश्र द्वारा अनूदित और निर्देशित नाटकचोर! कौन चोर की प्रस्तुति की जाएगी , यह एक कॉमेडी नाटक है । 8 फरवरी की समापन संध्या पर मेजबान संस्था अभिनव रंगमंडल द्वारा प्रसिद्ध हिंदी लेखक स्वर्गीय निर्मल वर्मा की रचना धूप का टुकड़ा और ₹डेढ़ इंच ऊपर₹ नाटक प्रस्तुत होगा,

### विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी

# 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर




राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद बच्चे होते है` ये उस राष्ट्र रूपी वृक्ष की शाखा है जो नई पीढ़ी को कार्य आराधना के फल प्रदान करता है।

उक्त विचार महिला एवं बाल कल्याण समिति के सचिव व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला ने स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह के अवसर पर विद्यालय परिसर में केशव माधव सभागृह में व्यक्त किये। आपने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आज ये बच्चे चमकते सितारे है । जल्द ही पूरी दुनिया को अपनी रोशनी से चमकाएंगे और आगामी परीक्षा में शत प्रतिशत अंको के साथ गौरवान्वित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष प्रो. लक्ष्मण चेलानी, उप. प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद शर्मा मंचासीन थे। चेयर रेस, कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यार्थी एवं आचार्य परिवार द्वारा भाग लिया गया` विजेता प्रतिभागी को प्रतिक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत समारोह में पुरे वर्षभर की गतिविधियों और परीक्षा परिणाम के आधार पर दो विद्यार्थी स्टूडेंट ऑफ द इयर सम्मानित किये गए। जिनमे विज्ञानं संकाय हिंदी माध्यम की बहिन निकिता चावड़ा एवं कृषि संकाय के भैया अंकित चौधरी थे` दिव्यांजलि पोरवाल एवं खुशी मोरवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि में एक एवरेज स्टूडेंट थी लेकिन विद्यालय और शिक्षकों का सहयोग से इस विद्यालय में टॉपर स्टूडेंट बनी। शिक्षकों की और से पंकज पांडे, मौसमी चौरसिया ने भी अपने अनुभव साझा किये` 12 वी आर्ट्स संकाय की छात्रा तनिषा निम्बोला ने विदाई समारोह में विद्यालय को ट्रोली स्पीकर और 12 वी कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने सरस्वती जी का मंदिरभीसंस्था अध्यक्ष अशोक गोधा एवं सचिव श्री आशीष शुक्ला को प्रदान किया` 11वी विद्यार्थियों ने अपने हाथो से बना कर बेच, ग्रुप फोटो स्मृतियों के स्वरुप में भेट किये` 12वी के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए आकर्षक नृत्य प्रस्तुति 11वी की बहनों ने दी जिसे खुब सराहा गया` इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सांवरिया शर्मा, प्राचार्य संगीता गंगराड़े, हजारीबाग प्रधानाचार्य दिलीप शर्मा, पाली प्रमुख अनिल चौहान, हिम्मत सिंह सिसोदिया, सहपाली प्रमुख मुकेश प्रजापत, नीलम शर्मा, शिशु वाटिका प्रमुख कविता दीदी एवं आचार्य परिवार सम्मिलित थे।

### जन समस्या को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 40 में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद के खिलाफ उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव एवं युवा नेता राजेश मालवीय एवं महिला नेत्री उषा मालवीय, अजीत सिंह ठाकुर, आत्माराम मालवीय, विकास मालवीय, योगेश दायमा, अर्जुन मालवीय, सौरभ यादव, आभास उपाध्याय एवं वार्ड की समस्त जनता की उपस्थिति में जन समस्या को लेकर अधिकारी डिप्टी कमिश्नर राघवेंद्र सिंह को अवगत कराया गया और 15 दिन के भीतर निराकरण की मांग की गई है। जिसमें जनता की मूल समस्या नाली, सड़क, पीने के पानी, पीएचई की पाइपलाइन सहित कई मुद्दे पर अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। मांग नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# अखंड रामायण पाठ की पूणाहूति पर हुआ भंडारा

### अघोर अखाड़ा द्वारा आयोजनः खड़ेश्वरी अघोरी बाबा की 12 वर्षीय साधना के तहत हुआ कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

काल भैरव घाट स्थित श्री बम-बम भूतेश्वर महादेव मंदिर, गोरक्ष धूना पर आयोजित अखंड रामायण पाठ का सोमवार को भव्य भंडारे के साथ समापन हुआ। अघोर अखाड़ा द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

प्रतिमाह होता है आयोजन

पीठाधीश्वर खड़ेश्वरी अघोरी बाबा विष्णुनाथ ने बताया कि गुरदेव योगी श्री बम-बम नाथ महाराज व भगवान काल भैरव सरकार की असीम कृपा से पिछले कई महीनों से अनवरत पूजा-पाठ और 12 वर्षीय अखंड खड़ेश्वरी अघोर तपस्या की जा रही है। इसी कड़ी में हर माह की चतुर्दशी पर अखंड रामायण पाठ का संकल्प लिया गया है।

परंपरा के अनुसार, चतुर्दशी को पाठ का शुभारंभ हुआ और अगले दिन पूर्णिमा पर पाठ के विराम के साथ पूणाहूति दी गई। इस अवसर पर वैदिक व तांत्रिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न हुआ और पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए धमार्लुओं व साधु संतों ने सहभागिता की और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। खड़ेश्वरी अघोरी बाबा, अघोर अखाड़ा उज्जैन के पीठाधीश्वर व राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं जो काल भैरव घाट उज्जैन में स्थित है अखंड रामायण पाठ भंडारे में नाथ संप्रदाय के योगी सोमवार नाथ,योगी भवानी नाथ,योगी अगस्त नाथ,बाबा बम बम भोला और कई अखाड़ों के संत महंत शामिल हुए एवं निक्की टांक, पंडित प्रभु शुक्ला,महेश मालवी और भक्तगणों ने शामिल होकर सनातन धर्म की कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई व बताया कि यह कार्यक्रम सनातन धर्म व गौमाता रक्षा एवं गौमाता की म्रत शरीर होने पर समाधि या अग्नि दाह संस्कार करने की बात कही

# महाशिवरात्रि शिवतत्व की आराधना भक्ति और आस्था का पर्व, विवाह का नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म के वेदों, पुराणों और धर्मग्रंथों में भगवान शिव की महिमा, आराधना और भक्ति का विशेष महत्व बताया गया हैं जिसमें शिवरात्रि महापर्व बहुत पुण्यदायी बताया गया हैं। यह पर्व शिवतत्व को जानने और आराधना का पर्व है ना कि शिव पार्वती के विवाह का।

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ विद्वत परिषद के रूपेश मेहता ने बताया कि शिव महापुराण में शिवरात्रि को भगवान शिव की उत्पत्ति का दिन बताया हैं जो ब्रह्मा और विष्णु के अहंकार को समाप्त करने के लिए हुआ ओर सृष्टि चक्र प्रारंभ हुआ इसलिए इस शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहा जाता हैं, भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के बारे में जानकारी शिवपुराण के रुद्र संहिता में मिलती है कि उनका विवाह मार्गशीर्ष मास में सोमवार को रोहिणी नक्षत्र ओर सभी ग्रहों के शुभ स्थानों पर स्थित होने पर हुआ।इसी प्रकार माता सती से भी विवाह चैत्र मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, रविवार को पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में हुआ था जो शिवपुराण के रुद्र संहिता में वर्णित है।

इस प्रकार स्पष्ट हैं कि भगवान शिव का विवाह माता सती और पार्वती से ,दोनों स्थिति मे फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी अर्थात महाशिवरात्रि को नहीं हुआ । महाशिवरात्रि भगवान शिव की कृपा और भक्ति का पर्व हैं जिसका वर्णन कोटिरुद्र संहिता में मिलता हैं कि एक व्याध के भूखे प्यासे रहते अनजाने में हुए व्रत ओर चार प्रहार की पूजन केवल बेलपत्र ओर जल गिरने से हो जाने के कारण भगवान शिव प्रसन्न हो गए ओर मनवांछित फल दिया।

हमारे धर्म ग्रंथों में सभी पर्वों का स्पष्ट वर्णन है इसलिए सनातन धर्मावलंबियों को हमारे वेदों पुराणों में निहित पर्वों से संबंधित नियमो का पालन करे जिससे पुण्य मिल सके और यदि उनके विपरीत कार्य होता हैं तो पाप और हानि के अलावा कुछ प्राप्त नहीं होता।

### एथेलेटिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने द्वितीय वी तृतीय स्थान प्राप्त किया

**बड़नगर।** उज्जैन सहोदय स्कूल्स कॉम्पलेक्स द्वारा आयोजित बालिका वर्ग की एथेलेटिक प्रतियोगिता में नगर के विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने द्वितीय वी तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के 15 सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसके अंतर्गत नगर के विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सानवी यादव ने 60 मीटर स्प्रिंट दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 60 मीटर बाधा दौड़ में कनिष्ठा पाटीदार, दक्षा नगर, तन्नू राठौड़ ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर नगर व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं के इस बेहतर प्रदर्शन तथा जिले के द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर छात्राओं को संस्था प्रबंधक मनोज संगतानी , निर्देशक विश्वास संगतानी संस्था प्राचार्या इन्दु पंजाबी द्वारा प्रतिक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर...

### अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**नीमच।** नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जिले में हुई ओलावृष्टि/ अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों के त्वरित सर्वेक्षण एवं किसानों को मुआवजा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि प्राकृतिक आपदा (ओलावृष्टि/ अतिवृष्टि) के कारण किसानों की रबी फसलों को भारी क्षति पहुंची है, जिससे अफीम, गेंहू, चना, सरसों एवं अन्य रबी फसलें व्यापक रूप से प्रभावित हुई है। कई ग्रामों में फसलें पूर्णतः नष्ट होने की स्थिति में है, जिससे कृषकों की आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसी परिस्थिति में यह आवश्यक है कि प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग के माध्यम से त्वरित एवं वास्तविक क्षति का सर्वेक्षण कराया जाकर शासन की नियमानुसार आपदा राहत मद से शीघ्र मुआवजा राशि स्वीकृत की जाए, ताकि पीड़ित किसानों को समय पर राहत मिल सके। साथ ही वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा एवं कृषि मंत्री से फोन पर चर्चा कर जिले में हुई प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न स्थितियों से अवगत कराया जिस पर उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### पूनम विहार नवीन विकास समिति का हुआ गठन

**जावरा ।** पूनम विहार कॉलोनी, पहाड़िया रोड की विकास समिति का नवीन गठन सर्वसम्मति से किया गया।समिति में अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष जुझार सिंह राठौर, सचिव राजेश भावसार, सह सचिव मनीष बरानिया, कोषाध्यक्ष पारस सकलेचा बनाए गए। संरक्षक डॉ. राज दांगी एवं परामर्शदाता भंवरलाल अग्रवाल नियुक्त किए गए।कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मीनारायण पोरवाल, कुंदन मौर्य, पप्पू शर्मा, हितेश व्यास सौरभ मेहता, नितिन सेठिया एवं लक्ष राव को लिया गया ।

### श्री गोवर्धननाथ मंदिर में फुल फाग महोत्सव 17 को

**मन्दसौर।** श्री गोवर्धन नाथ मंदिर न्यास के तत्वावधान में 17 फरवरी, मंगलवार को स्थानीय जीवागंज स्थित श्री गोवर्धननाथ मंदिर में परम प्रभु श्री गोवर्धननाथ जी के सानिध्य में फुल फाग महोत्सव ओर ब्रज रसिया गान का भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्री कल्याण प्रभु वडोदरा के प्रधान कीर्तनिया श्री मितेश भाई गंधर्व अपनी टीम के साथ रसिया गान की प्रस्तुति देंगे।सायं 7 बजे फुल फाग मनोरथ होगा और रात्रि 8 बजे जीवागंज गली नंबर 2 में ब्रज रसिया गान का भव्य आयोजन किया जाएगा।

### बजट ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र को निराश किया

**नीमच।** भारत की श्रीमती निर्मला सीतारमण वित्तमंत्री ने लोकसभा में वर्ष 2026-27 का बजट पटल पर रखा ! विगत कई बजट की तरह ही इस बजट में सन 2047 तक के विकसित भारत के निर्माण को लेकर ही बजट प्रस्तुत किया जबकि बजट प्रत्येक साल का लेखा झोका होता है। बजट की परिभाषा बदल कर सन 2047 के भारत के विकास के लिए बजट पेश किया।

---

**जिला राजपूत समाज की बैठक सम्पन्न**

# यूजीसी का विरोध दर्ज करवाने के लिये दिया जाएगा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



जिला राजपूत समाज संगठन मन्दसौर की बैठक रानी पद्मावती राजपूत बोर्डिंग में रघुनाथ सिंह काचरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर संरक्षक भोपाल सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह शक्तावत,ट्रस्ट अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह चौहान मंचासिन थे। बैठक में जिला सचिव भूपेन्द्र सिंह राठौर (खेड़ी) ने बैठक में एजेंडा का वाचन कर बैठक का संचालन किया।

आय व्यय पत्रक का वाचन कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा ने किया। गांव कमेटीया के गठन, विस्तार आदि के लिए सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान बताया कि जिले के पदाधिकारी को तहसीलो का प्रभारी बनाया जाएगा जो तहसील कार्यकारिणी की बैठक लेंगे तहसील के सचिव को संयोजक बनाया जाएगा और तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों में से हर गांव के लिए प्रभारी बनाये जायेगे जो गांव में जाकर बैठक लेकर गांव की कमेटी बनाना एवं जिला प्रतिनिधि की नियुक्ति करना सभी गांव कमेटीया की सूची एवं सभी गांव की जिला प्रतिनिधि की सूची मोबाइल नंबर सहित जिला सचिव को जमा करेंगे, ताकि उन सभी को अगली मीटिंग में बुलाया जा सके । ग्राम कमेटियों को कार्य सौंपे जायेगे।

यूजीसी के नियम पर उपरोक्त सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए चर्चा के बाद सभी ने तय किया कि कलेक्टर, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को सामाजिक विरोध दर्ज करवाने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। होली मिलन समारोह (वार्षिक साधारण सभा) के लिए सभी ने दिनांक 14 या 15 मार्च को रखे जाने पर सहमति दी।

इस अवसर पर रघुनाथ सिंह राठौर, भोपाल सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह शक्तावत, नरेन्द्र सिंह चौहान, के के सिंह भाटी,नागेन्द्र सिंह सगवाली, अजय सिंह चौहान,रिपुदमन सिंह चंद्रावत, दशरथ सिंह चंद्रावत, दिलीप सिंह आक्या, भगवान सिंह शक्तावत,दौलत सिंह चौहान, हनुमंत सिंह राणावत, शिवप्रताप सिंह राणावत, सामंत सिंह बरखेड़ा (नेताजी), कोमल सिंह झलारा, लाल सिंह शक्तावत, मदन सिंह गुड़भेली, जितेन्द्र सिंह राणा, संग्रामसिंह कुशवाह, बलवंत सिंह कुंताखेड़ी, गोविन्द सिंह कोचवी, महेन्द्र सिंह भाटी आदि उपस्थित थे। अंत में आभार महेन्द्र सिंह भाटी दलौदा रेल ने माना।

### एक लाख रुपये हेक्टेयर से मुआवजा दे पीड़ित किसानों को- महेंद्रसिंह गुर्जर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़।

नारकोटिक्स विभाग एवं शासन ओलावृष्टि एवं तेज बारिश से पूरी तरह नष्ट हुई अफीम,गेंहू,चिया सहित अन्य फसलों का बगैर सर्वे के एक लाख रुपये हेक्टेयर के हिसाब से पीड़ित किसानों तत्काल बगैर किन्तु परन्तु के मुआवजा दे। उक्त बात जिला कांग्रेस कमेटी मन्दसौर के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने सोमवार को ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में बड़ी संख्या में किसानों के साथ क्षतिग्रस्त फसलों को देखने के बाद कही।गुर्जर ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की भाजपा की मोहन सरकार किसानों की नही अडानी,अम्बानी की सरकार है। गुर्जर ने अफीम उत्पादक किसान जयसिंह पिता रोडमल पंवार हरमाला से चर्चा की पंवार ने बताया की मुझे करीब 20 वर्षो बाद अफीम का 5 आरी का पट्टा मिला था जो ओलावृष्टि से पूरी तरह चौपट होगई। इस पर लगभग 65 हजार रुपये का खर्चा हुआ में बर्बाद होगया गुर्जर ने जयसिंह पंवार को ढाढस बंधाया व कहा कि कांग्रेस ने हमेशा किसान, गरीब,मजदूरों की लड़ाई लड़कर उन्हें उनका हक दिलाया है।

---

**देव पूजन के साथ श्री वृंदावन महिमामृत कथा के निमंत्रण वितरण की शुरूआत**

रतलाम। श्री रिद्धि सिद्धि कार्यसिद्ध गणेश जी, श्री दक्षिण पंचमुखी हनुमान जी मंदिर समिति एवं जय भवानी ग्रुप, डोंगरे नगर के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने जा रही श्री वृंदावन महिमामृत कथा के निमंत्रण वितरण का शुभारंभ विधिवत देव पूजन के साथ किया गया। समिति द्वारा यह सात दिवसीय कथा आयोजन 9 फरवरी से 15 फरवरी तक मंदिर प्रांगण परिसर में किया जाएगा। कथा का रसपान मधुरभाव हरिदासी पंडित श्री हेमंत जी अग्निहोत्री (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से कराया जाएगा। निमंत्रण वितरण की शुरूआत सर्वप्रथम श्री रिद्धि सिद्धि कार्यसिद्ध गणेश जी, श्री दक्षिण पंचमुखी हनुमान जी मंदिर, श्री मनकामेश्वर महादेव, श्री तेजेश्वर महादेव, श्री अंजनी धाम हनुमान जी, श्री पूर्वमुखी हनुमान जी, श्री कार्यसिद्ध भैरव जी, श्री रुद्र पशुपतिनाथ महादेव एवं श्री कुंदकेश्वर महादेव के श्रीचरणों में पीले अक्षत के साथ निमंत्रण पत्र अर्पित कर की गई। इसके पश्चात समिति सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर समिति की ओर से संतोष चौहान, संगीता पंवार, रंजना सोलंकी,

# डेढ़ करोड़ के मादक पदार्थ जप्त, हत्या का फरार आरोपी साथी सहित मंदसौर में गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



स्थानीय शहर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए राजस्थान के कुख्यात बदमाश गुलशेर लाला और हत्या के मामले में पैरोल से फरार चल रहे आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदू पाटीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 1.5 किलो एमडी ड्रग्स व साढ़े तीन किलो डोड़ाचूरा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले का कुख्यात तस्कर आरोपी गुलशेर खान पठान ड्रग्स की सप्लाई देने मंदसौर आने वाला है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और घेराव कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा।

पुलिस ने बताया कि गुलशेर खान पठान (50) निवासी ग्राम देवलजी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान)। यह क्षेत्र का कुख्यात बदमाश है जिस पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। नंदकिशोर उर्फ नंदू पाटीदार (35) निवासी ग्राम राजाखेड़ी, मंदसौर। यह आरोपी वर्ष 2022 में थाना भावगढ़ क्षेत्र में हुई रेखा नायक की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था और वर्ष 2024 से पैरोल मिलने के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.5 किग्रा एमडी ड्रग्स, 3.5 किग्रा डोडाचूरा, दो मोटरसाइकिलें जब्त की है। जब्त मशरूका की कीमत 1 करोड़ 51 लाख 22 हजार रू. बताई है। थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ धारा 8/15, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रग्स का यह नेटवर्क कहाँ तक फैला है और इसका मुख्य स्त्रोत क्या है।

### महर्षि दयानंद हाई स्कूल का दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण संपन्न

पिपलिया मंडी।महर्षि दयानंद हाई स्कूल पिपलिया मंडी के छात्रों का दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन आर्य समाज मंदिर परिसर में किया गया। छात्रों की वार्षिक परीक्षा को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुठे आयोजन में सर्वप्रथम 21 कुंडीय यज्ञ में छात्रों द्वारा सर्वांगीण विकास के लिए यज्ञ में आहुतियां दी गई यज्ञ सत्येंद्र आर्य द्वारा संपन्न कराया गया। यज्ञ उपरांत छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर सेवानिवृत अध्यापक अंबालाल कारपेंटर, सेवानिवृत पटवारी शांतिदास बैरागी, सेवानिवृत फौजी रामचंद्र आर्य द्वारा छात्रों को शील्ड, प्रमाण पत्र प्रदान किए गए

---

# रॉयल कॉलेज और सम्राट विक्रमादित्य वि.वि. के संयुक्त तत्वावधान में बजट 2026 पर परिसंवाद का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्ट्डीज, रतलाम एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंधन संस्थान (सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में बजट 2026 पर एक विशेष परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में निदेशक एवं संकाय अध्यक्ष (प्रबंध संकाय), पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन, प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता उपस्थित रहे।

प्रो. मेहता ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए बजट को एक अनोखे समीकरण के माध्यम से परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि कैपिटल, कल्चर, कैंसर केयर, क्रेडिट गारंटी, किसान सम्मान निधि और कोरिडोर्स के साथ जब केपेक्स और कौशल का समावेश होता है, तो वही इस बजट का वास्तविक क्रिएटिव कंटेंट है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस केंद्रीय बजट 2026 की पारदर्शिता और दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसे केवल केंद्रीय बजट न कहकर निर्मल बजट कहा जाना चाहिए। युवाओं और शिक्षा के क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि यह बजट युवा शक्ति को समर्पित है। कौशल विकास मंत्रालय के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए इसे 9,885 करोड़ किया गया है। इसके तहत पीएम सेतु योजना के माध्यम से आईटीआई का आधुनिकीकरण किया जाएगा ताकि युवाओं को सीधे रोजगार मिल सके। छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने और रोजगारपरक शिक्षा हेतु ५ नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप स्थापित करने की घोषणा एक क्रांतिकारी कदम है। ग्रामीण भारत और किसानों के लिए बजट में खजाने का मुंह खोल दिया गया है।

### खिलाड़ियों ने जीते राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग में मेडल

मन्दसौर। इंदौर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज मंदसौर के खिलाड़ियों ने भाग लेकर मेडल प्राप्त किए। वेटलिफ्टिंग कोच आजाद सिंह सोलंकी ने बताया मंदसौर और नीमच जिले का ट्रायल जो भानपुरा में आयोजित किया गया था जिसमें मंदसौर के खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वेटलिफ्टिंग के लिए किया गया । जिसमें मंदसौर के खिलाड़ी मधु अवस्थी, पुलकित सोनी, अरुण राठौड़ इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में अपने वजन वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया साथ ही सभी विजेता खिलाड़ियों को शासन द्वारा नगद राशि प्रदान किया जाएगा।

# चरक में एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर


चरक इंस्टिट्यट ऑफ फामेर्सी मंडलेश्वर में दिनांक 31 जनवरी 2026 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार (संगोष्ठी) का आयोजन किया गया जिसे बोर्ड ऑफ रिसर्च इन न्यूक्लियर साइंस द्वारा प्रायोजित किया गया, सेमिनार का शीर्षक *₹रेडियो फार्मास्युटिकल इन पर्सनालाइज्ड मेडिसिन टेलरिंग ट्रीटमेंट टू इंडिविजुअल नीड₹ रखा गया।

सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल (चमेली देवी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी इंदौर) , डॉ ओमप्रकाश तंवर प्रोफेसर (स्कूल ऑफ फामेर्सी एस जी एस आई टी एस इंदौर), डॉ पंकज कुशवाह प्रोफेसर (चमेली देवी इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी इंदौर) एवं डॉ शरद पांडे प्रोफेसर (एस जी एस आई टी एस इंदौर) थे । सेमिनार में पोस्टर कांपीटीशन का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कालेजों के प्रोफेसर एवं छात्र एवं छात्राओं ने बड चढ़ कर हिस्सा लिया।

पोस्टर कॉम्पिटीशन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में प्रथम स्थान जिया मालवीया योगेश्वर कॉलेज ऑफ फामेर्सी, द्वितीय स्थान खुशी भावसार (जी आर वाई) एवं कृष्णा पाटीदार व टीना जाट चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी, एवं तृतीय स्थान अंकित (एक्रोपोलिस कॉलेज) व परिधि जगताप ने प्राप्त किया ।

इसी क्रम में ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीना परमार व द्वितीय स्थान तनुश्री पंवार ने प्राप्त किया। फैकल्टी के वर्ग में प्रथम स्थान डॉ निधि नामदेव (जी आर वाई) एवं द्वितीय स्थान रुचिता रघुवंशी (जी आर वाई) ने प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार में अन्य महाविद्यालय सहित लगभग 300 प्रतिभागी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर श्री भगवान पाटीदार एवं संस्था के चेयरमैन डॉक्टर बद्री प्रसाद पाटीदार द्वारा की गई एवं ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन प्राचार्य डॉ. डी. एस. बेले प्रोफेसर निशा हिरवे रहे। सेमिनार के अंत में प्रोफेसर विनीत शिवने द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों क्रमशः प्रो बी एन बिरला ,प्रो. राजेश पटेल, प्रो मनोज जायसवाल,प्रो. नवदीप जायसवाल प्रो.अंजुला पाटीदार प्रो सोनाली पाटीदार प्रो. विनीता पाटीदार , प्रो विनीत शिवने , प्रो. लोकेंद्र पाटीदार, प्रो अमन वर्मा, प्रो. ललित कुशवाहा, प्रो. रवीना चौधरी, प्रो निकिता जाट,,ललित पाटीदार, जय श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा ।




## पत्रकार शकील खान मंसूरी को सम्मानित किया गया

**बुरहानपुर।** जिले के उपनगर लालबाग क्षेत्र के गुलाबगंज में मुस्लिम मंसूरी पिंजारा वेल्फेयर सोसायटी द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकार शकील खान मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें झारखंड में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड पत्रकार रत्न अवार्ड से नवाजा गया था। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने शकील खान मंसूरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पत्रकार सोनू सोहले, वसीम मंसूरी, आरिफ मंसूरी, शैख रशीद उस्ताद, शेख गफूर साहब, शौकत खलीफा सहित लालबाग क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सोसायटी अध्यक्ष साहिल हाशमी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही लालबाग में महज 1 रुपए में इज्तेमाई शादी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सकेगी।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत किसानों के कल्याण के लिए कार्ययोजना बनाकर करे कार्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया हैं। जिसके अंतर्गत समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषकों की आय वृद्धि एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाये ताकि कृषकों के जीवन में खुशहाली आ सके। उक्त बाते कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने जिले के विकास कार्यो एवं महत्वपूर्ण अभियोनों की विस्तृत समीक्षा के दौरान कही। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयेः-

बैठक में जिले के उन्नतशील कृषकों से चर्चा कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं तिलहनी फसलों एवं मुंगफली फसल के उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संवाद में कृषकों ने अपनी कृषि पद्धति और मार्केटिंग एवं अन्य समस्याओं को भी रखा। कलेक्टर ने उक्त के संबंध में उप संचालक कृषि को कार्ययोजना बनाकर इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दियें बैठक में उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग को फार्मर आईडी के पंजीयन के संबंध में अगले 15 दिवस में कृषि अमले द्वारा कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। कृषि संगोष्ठी के माध्यम से गतिविधियां संचालित कर कृषकों को जागरूक करे।

रोजगार संगी पोर्टल में पंजीयन के संबंध में लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश जिला रोजगार अधिकारी को दिये।

जिला पंचायत सीईओ को बैठक में पंचायतों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, सिकलसेल पेंशन, विधवा पेंशन की पेडेंसी को कर कर प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 78062 आवेदन इस अभियान अंतर्गत दर्ज हुए है, जिन्हे निरंतर निराकृत किया जा रहा है।



## द बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की नई कार्यकारिणी घोषित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की नगर शाखा की नई कार्यकारिणी की घोषणा जिलाध्यक्ष नटराज लोंढे द्वारा प्राचीन करुणा बुद्ध विहार में की गई। विनोद चुडामन बाविस्कर को अध्यक्ष और निर्वेश कुमार तायड़े को महासचिव नियुक्त किया गया।इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षक प्रकाश खैरनार ने बताया कि दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया भारतीय बौद्धों का राष्ट्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा 4 मई 1955 को मुंबई में की गई थी। नई कार्यकारिणी में भास्कर मेढे, अशोक गायकवाड़, राजेश गोपनारायण और आशा अनिल अहीरे को उपाध्यक्ष, दिलीप किशोर तायड़े, कैलाश पानपाटिल, अनिल भालेराव, संजय पोहरे, सविता अशोक मोरे और सुनीता अडकमोल को सचिव नियुक्त किया गया।

## माघ सुदी चौदस को हनुमान का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**बाग।** पाडल्या झिरीवाले वाले हनुमान मंदिर परिसर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माघ सुदी चौदस को हनुमान जी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को फूल बंगले से सजाया गया था वही हनुमान जी की प्रतिमा का कमल अमेरिया द्वारा किया गया आकर्षक श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विरान जंगल में मंगल महोत्सव मनाते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ प्राप्त कर भोजन प्रसादी ग्रहण की। कुक्षी, गंधवानी, मनावर, जोबट,आलीराजपुर तहसील के विभिन्न ग्रामों से भक्तजन प्रकट उत्सव में भाग लेने पधारे थे। महोत्सव में जय जय सियाराम सुंदर कांड मंडल कापसी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। विगत 10 वर्षों से लोंगसरी निवासी पंवार परिवार द्वारा लड्डू प्रसादी का वितरण महोत्सव में किया जाता रहा है। बाग,कापसी,बड़ग्यार, लोहारा, तलवाड़ा, लोनी, लोहारी ,धूलसर,सिंघाना ,पिपली, गंधवानी, नानपुर, खट्टाली ,जोबट आदि क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे उक्त जानकारी सुरेश झवर ने दी।

## समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम पर मोटर सायकिल रैली निकाली

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। इसी तारतम्य शुक्रवार, 30 जनवरी को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री अत्येन्द्र गुर्जर ने किसान मोटर सायकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कार्यालय उप संचालक कृषि से शुरू होकर कोठी परिसर, कालिदास अकादमी, शहीद पार्क, टॉवर चौराहा, चामुण्डा माता चौराहा होते हुए कृषि उपज मण्डी उज्जैन तक समृद्ध किसान एवं समृद्ध प्रदेश की थीम का संदेश देते हुए निकाली गई।किसान मोटर सायकिल रैली के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, नरवाई प्रबंधन के उपाय, संतुलित खाद्य उर्वरक के उपयोग, खेती की नवीन एवं उन्नत तकनीकी के उपयोग, उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था, सिंचाई में पानी की बचत करने के लिए स्प्रिंकलर एवं ड्रिप से सिंचाई करना एवं मोटर सायकिल चलाते समय हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने संबंधी संदेश दिए गए। रैली का समापन कृषि उपज मण्डी उज्जैन में हुआ।इस अवसर पर कृषि विभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख, मैदानी अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए किसान भाईयों ने सहभागिता की।

# मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सोमवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तथा उसके कारणों की रोकथाम है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें करियर की संभावनाओं से अवगत करवाया जाए जिससे विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और आत्महत्या की प्रवृत्ति भी दूर होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के लिए संचालित की जाने वाली टोल फ्री 14416 और 14425 हेल्पलाइन पर चर्चा कर समाधान प्राप्त करे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी महाविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेल गठित कर सभी में मेंटल हेल्थ काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण का आयोजन 31 जनवरी को किया गया था। बैठक में गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा कर जानकारी दी गई। बैठक में सदस्य सचिव प्राचार्य शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय श्रीमती वंदना गुप्ता, सीएम एचओ डॉ अशोक कुमार पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी,महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी वकोचिंग क्लासेज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर मेकिंग स्पर्धा का आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मध्य शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में मद्य निषेध संकल्प दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री सतीश कुमार सोलंकी ने अपने सम्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने स्वराज के साथ-साथ सुराज की संकल्पना भी की थी। हम सभी के मानस में सभ्य नागरिकता का बोध होना आवश्यक है। हमारी भागीदारी और जिम्मेदारी परिवार, समाज और पर्यावरण के साथ है। इसे निभाना और समझना चाहिए। कार्यक्रम की अध?यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वन्दना गुप्ता ने कहा कि युवा पीढी शराब, गांजा, तम्बाकू आदि नशे के साथ-साथ मोबाईल और रील के नशे की गिरफ्त में है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों से संकल्प पत्र एवं शपथ-पत्र भरवाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने नशा नहीं करने की शपथ ली।कार्यक्रम के पूर्व विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। अतिथियों द्वारा विजेताओं को शील्ड व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## कलेक्टोरेट कार्यालय बड़वानी के परिसर में बिना हेलमेट के प्रवेश प्रतिबंधित

**बड़वानी** ।कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के परिसर में बिना हेलमेट के प्रवेश प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर कार्यालय भवन के परिसर में आने वाले समस्त दो पहिया वाहन चालक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आम जनता से यह अपेक्षा की है कि वे मध्यप्रदेश मोटरयान अधिनियम 2019 के नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए कलेक्टोरेट परिसर में हेलमेट पहनकर ही प्रवेश करेंगे। बिना हेलमेट के किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आम जनता का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।



## रामचरण-उपासना के घर हुआ जुड़वां बच्चों का जन्म

**बेटी को थामे हॉस्पिटल पहुंचे साउथ स्टार, चिरंजीवी ने की घोषणा, कहा- मां और दोनों बच्चे स्वस्थ**

साउथ सुपरस्टार रामचरण दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी उपासना ने 31 जनवरी को हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। रामचरण के पिता चिरंजीवी ने इसकी घोषणा करते हुए बताया है कि डिलीवरी के बाद बच्चे और मां दोनों स्वस्थ हैं।

गुड न्यूज मिलने के बाद रामचरण बेटी के साथ अपोलो हॉस्पिटल पहुंचे। मीडिया और फैंस की भीड़ के बीच एक्टर बेटी को गोद में लिए भीड़ से बचते नजर आए हैं।

रामचरण के पिता चिरंजीवी ने ऑफिशियल अकाउंट (पहले ट्विटर) से फैंस को खुशखबरी देते हुए लिखा है- बहुत खुशी और दिल से भरे आभार के साथ, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि रामचरण और उपासना को जुड़वां बच्चों का आशीर्वाद मिला है, एक बेटा और एक बेटी। आगे चिरंजीवी ने लिखा है, ह्रादोनों बच्चे और मां स्वस्थ हैं और ठीक हैं। दादा-दादी के रूप में इन नन्हे मेहमानों का अपने परिवार में स्वागत करना हमारे लिए शुद्ध आनंद और दिव्य आशीर्वाद का पल है। हम सभी की प्रार्थनाओं, प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए दिल से धन्यवाद देते हैं।- चिरंजीवी और सुरेखा। उपासना की डिलीवरी 1 फरवरी को सुबह 9 बजे के लिए शेड्यूल की गई थी, हालांकि किसी वजह से डिलीवरी 31 जनवरी को अपोलो हॉस्पिटल में की गई। जिस हॉस्पिटल में उपासना की डिलीवरी हुई है, वो उसकी वाइस प्रेसिडेंट भी हैं।

# नीलम शाहरुख-गौरी के नजदीक आने की वजह बनीं

**एक्ट्रेस को खुद एसआरके ने बताया था कि कैसे उन्होंने दोनों को करीब लाने में अहम भूमिका निभाई**


एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने हाल ही में कहा कि शाहरुख खान और गौरी की लव स्टोरी में उनका भी बड़ा हाथ रहा है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी फिल्मों की वजह से दोनों की नजदीकियां बढ़ी थीं।


दरअसल, हाल ही में नीलम टीवी शो इंडियन आइडल में पहुंची थीं, जहां एक्ट्रेस ने बताया कि कुछ महीने पहले शाहरुख खान ने उनसे कहा था, ह्रनीलम, तुम्हें पता है, गौरी और मेरी शादी की एक वजह तुम भी हो।

नीलम ने आगे बताया कि शाहरुख ने इसके पीछे की पूरी कहानी भी उन्हें समझाई। उन्होंने कहा कि जब नीलम फिल्मों में काम कर रही थीं, तब शाहरुख और गौरी उनके बहुत बड़े फैन हुआ करते थे। इसी वजह से दोनों साथ में नीलम की फिल्में देखने जाया करते थे। एक्ट्रेस के मुताबिक, उन फिल्मों के दौरान शाहरुख और गौरी के बीच नजदीकियां बढ़ीं और धीरे-धीरे दोनों की लव स्टोरी आगे बढ़ती चली गई। शो में नीलम ने कहा कि तो शाहरुख और गौरी के साथ होने की एक वजह मैं भी हूं। बता दें कि नीलम 80एस-90एस की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं। उनकी जोड़ी ज्यादातर गोविंदा के साथ पसंद की गई। नीलम और गोविंदा ने साथ में लगभग 14 फिल्मों में काम किया, जिनमें लव 86 (1986), इल्जाम (1986), खुदगर्ज (1987), हत्या (1988) और ताकतवर (1989) जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं नीलम का नाम गोविंदा संग अफेयर को लेकर भी चर्चा में रहा है। हालांकि, हाल ही में एक्ट्रेस ने इस पर रिएक्ट किया और इन दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। नीलम कोठारी ने उषा काकड़े प्रोडक्शन से बातचीत में कहा, ओह तेरी! ये कौन बोला? गोविंदा जी बहुत अच्छे इंसान हैं। मगर ये जो सवाल है, ये सच नहीं है। वह कमाल के इंसान हैं और हमने कई हिट फिल्में की हैं। लेकिन ये सच नहीं है। सॉरी-सॉरी, ये बिल्कुल भी सच नहीं। हमारे बीच कुछ भी नहीं है।










## बॉर्डर 2 ने दसवें दिन कमाए 22.50 करोड़

**पठान और केजीएफ 2 को छोड़ा पीछे**

सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने 10वें दिन यानी अपने दूसरे रविवार को इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 22.50 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 275.25 करोड़ रुपए हो गई है। वहीं, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 372 करोड़ कमाए।


### एक नजर फिल्म की कमाई पर

- पहला दिन- 30 करोड़
- दूसरा दिन- 36.5 करोड़
- तीसरा दिन- 54.5 करोड़
- चौथा दिन- 59 करोड़
- पांचवां दिन- 20 करोड़
- छठा दिन- 13 करोड़
- सातवां दिन- 11.25 करोड़
- आठवां दिन- 10.75 करोड़
- नौवां दिन- 17.75 करोड़
- दसवां दिन- 22.50 करोड़
- **टोटल कमाई-** 275.25 करोड़

**सनी देओल ने सफलता का मनाया जश्न-** वहीं, फिल्म की शानदार सफलता का सनी देओल ने जश्न मनाया। सनी ने हिमाचल प्रदेश के मनाली के एक होटल में अपनी टीम के साथ केक काटा। जश्न के दौरान सनी काफी खुश नजर आए। केक पर बधाई हो बॉर्डर 2 लिखा हुआ था। बता दें कि फिल्म बॉर्डर 2, 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। इस फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने प्रोड्यूस किया है।

**पठान और केजीएफ 2 की छोड़ा पीछे-** बॉर्डर 2 कमाई के मामले में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म ने पठान और केजीएफ 2 को पीछे छोड़ दिया है। 25 जनवरी 2023 में रिलीज हुई पठान ने हिंदी, तमिल और तेलुगू में मिलाकर 14 करोड़ रुपए कमाए थे। जबकि हिंदी में 13.5 करोड़ रुपए का ही कलेक्शन किया था। जबकि यश की केजीएफ 2 ने भी 10वें दिन हिंदी में सिर्फ 18.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

# रोहित शेट्टी फायरिंग केस: 4 गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हुई




**लॉरेंस गैंग के शुभम लोंकर के साथ मिलकर रची साजिश, 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में**

मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर शनिवार देर रात चार राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने रविवार को इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान हो चुकी है।

गिरफ्तार आरोपी पुणे के रहने वाले हैं। इनके नाम आदित्य ज्ञानेश्वर गायकवाड़ (19 साल), सिद्धार्थ दीपक येनपुरे (20 साल), समर्थ शिवशरण पोमाजी (18 साल) और स्वप्निल बंडू सकट (23 साल) हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 109 और 61(2) के साथ शस्त्र अधिनियम की धारा 3 और 25 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 37(1), 37(2) और 135 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें 5 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपियों की भूमिका घटना के लिए वाहन उपलब्ध कराने और साजिश रचने से जुड़ी हुई है। वहीं, पांचवें आरोपी शुभम लोंकर को वांटेड घोषित किया गया है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस जांच के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने शुभम लोनकर के संपर्क में रहकर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को हर तरह की मदद उपलब्ध कराई।

बताया जा रहा है कि शिवशरण पोमाजी ने शुभम लोंकर के साथ मिलकर पूरी साजिश को अंजाम देने की योजना बनाई। वहीं गिरफ्तार आरोपी आदित्य ज्ञानेश्वर गायकवाड़ की सलाह पर हॉंडा डियो स्कूटर सहित अन्य संसाधनों की व्यवस्था की गई, जिससे हमलावर को घटना को अंजाम देने में आसानी हो सके। जांच में यह भी सामने आया है कि शुभम लोंकर से मिली आर्थिक सहायता के जरिए ही मुख्य आरोपी के लिए वाहन की व्यवस्था की गई थी।

**शनिवार देर रात हुई थी फायरिंग-** पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने मुंबई के जुहू इलाके में स्थित नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रात करीब 12:45 बजे फायरिंग की थी। उन्होंने बताया था कि कम से कम पांच राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली इमारत में बने जिम के शीशे से टकराई थी। वहीं, इंडिया टुडे ने अपनी रिपोर्ट में एक स्क्रीनशॉट शेयर कर दावा किया था कि लॉरेंस गैंग ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह स्क्रीनशॉट शुभम लोंकर आरजू बिश्नोई नाम के अकाउंट की फेसबुक पोस्ट का है।

**पोस्ट में लिखा- अगली बार छाती पर गोली लगेगी-** इस पोस्ट में लिखा गया था, सभी भाइयों को आज जो ये मुंबई में (शेट्टी टावर) फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग हुई है, उसकी जिम्मेदारी शुभम लोनकर, आरजू बिश्नोई, हरि बॉक्सर, हरमन संधू हम लेते हैं। हमने इसको बहुत बार मैसेज लगाया कि हमारे काम में दखल ना दे, लेकिन इसको समझ में नहीं आया। इसको ये छोटा सा ट्रेलर दिया है। अगर इसने आगे फिर हमारी बात नहीं समझी और हमारी बात नहीं मानी, तो अब घर के बाहर नहीं, अंदर इसके बेडरूम में गोली चलेगी, इसकी छाती पर। इसी पोस्ट में आगे लिखा था और आगे बॉलीवुड को चेतावनी है कि टाइम रहते सुधर जाओ, नहीं तो बहुत बुरा हाल होगा। तुम्हारा बाबा सिद्दीकी से भी बुरा हाल करेंगे। हमने जिन-जिन लोगों को फोन कर रखा है, या तो टाइम रहते लाइन पर आ जाओ, वरना छिपने के लिए जगह कम पड़ जाएगी। और जितने भी हमारे दुश्मन हैं, तैयार रहो, जल्दी ही मुलाकात होगी तुमसे। नोट- एक ही था, एक ही है और एक ही रहेगा लॉरेंस बिश्नोई गैंग।

### कौन है शुभम लोंकर और आरजू बिश्नोई?

- शुभम लोंकर लॉरेंस गैंग का एक प्रमुख की ऑपरेटिव माना जाता है। शुभम एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या (अक्टूबर 2024) का मुख्य संदिग्ध और साजिशकर्ता है। उसने फेसबुक पर उस हत्या की जिम्मेदारी भी ली थी।
- वहीं, आरजू बिश्नोई को गैंग का एक सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है, जो सोशल मीडिया और धमकियों के जरिए गैंग की गतिविधियों को संचालित करने में मदद करता है।

### रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती की गई

घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें उनके घर पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटीज के घर हैं। फायरिंग की घटना के बाद जुहू में रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती की गई।

## कौन है दुनिया की सबसे मजबूत टी-20 टीम: 3 के नाम 2-2 वर्ल्ड कप

# भारत ने 67% मैच जीते, 46 बार 200+ स्कोर भी बनाए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन 7 फरवरी से शुरू होगा। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच खेलने से मना कर दिया। इसके पीछे राजनीतिक कारण हो सकता है, लेकिन एक वजह यह भी हो सकती है कि टीम फिर एक बार वर्ल्ड चैंपियन भारत से हारना न चाहती हो।

टीम इंडिया टी-20 की सबसे मजबूत टीमों में शामिल है और पाकिस्तान को वर्ल्ड कप में 15 बार हरा भी चुकी है। भारत ने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की तरह 2-2 टाइटल जीते हैं, इतना ही नहीं टीम के नाम इतिहास में सबसे ज्यादा 46 बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी है।

टी-20 की सबसे मजबूत टीम निकालने के लिए हमने 8 पैरामीटर बनाए, एक-एक कर उनका एनालिसिस करते हैं और जानते हैं कि आखिर सबसे मजबूत टीम कौन सी है?

**टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल-** टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 2007 में हुई। 2010 से टूर्नामेंट लगभग हर 2 साल में होते आ रहा है। अब तक 9 बार खेले गए सबसे छोटे फॉर्मेट के वर्ल्ड कप को 3 टीमों ने 2-2 बार जीता। इनमें वेस्टइंडीज के अलावा इंग्लैंड और भारत भी शामिल है। टीम इंडिया डिफेंडिंग चैंपियन भी है, टीम ने 2024 में साउथ अफ्रीका को फाइनल हराकर अपना दूसरा टाइटल जीता था। टाइटल जीतने वालीं 6 टीमों में वेस्टइंडीज इकलौती टीम है जिसने एक भी फाइनल नहीं गंवाया। भारत और इंग्लैंड 1-1 बार रनर-अप रह चुके हैं। जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें 2-2 बार फाइनल हार चुकी हैं। ऐसे में इस पैरामीटर में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और भारत तीनों संयुक्त रूप से नंबर-1 हैं। वहीं पाकिस्तान और श्रीलंका नंबर-2 पर हैं।



**वर्ल्ड कप में बेस्ट विनिंग%-** 9 टी-20 वर्ल्ड कप में टॉप-8 में शामिल हर टीम ने 45 से 55 मैच खेले। इनमें बेस्ट विनिंग परसेंटेज टीम इंडिया का ही है। भारत ने 52 में से 35 मुकाबले जीते, यानी विनिंग परसेंटेज 67% का रहा। टीम इंडिया के अलावा साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें ही अपना विनिंग रेट 63% से ज्यादा रख पाई हैं। इस पैरामीटर में टीम इंडिया सीधे तौर नंबर-1 है।

**पैरामीटर-3: ळ20कमें बेस्ट विनिंग%-** वर्ल्ड कप की तरह टीम इंडिया ने सभी टी-20 इंटरनेशनल में भी अपना दबदबा बनाए रखा है। सभी टॉप टीमों ने 200 से ज्यादा टी-20 खेले। इनमें टीम इंडिया ही इकलौती टीम है, जिसका विनिंग रेट 60% से ज्यादा है। भारत ने 268 में से 67% मुकाबले जीते। दुनिया की बाकी टीमों में पाकिस्तान दूसरे और ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर हैं।

**विदेश में बेस्ट विनिंग%-** क्रिकेट के मैदान पर कई बार अपने होमग्राउंड से बाहर जाकर मैच जीतना मुश्किल होता है, लेकिन टीम इंडिया यहां भी टॉप पर है। भारत न सिर्फ नंबर-1 है, बल्कि टीम ने 165 में से रिकॉर्ड 66% मुकाबले भी जीते हैं। दूसरे और तीसरे नंबर पर मौजूद पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें 55-55 परसेंटेज मैच ही जीत पाई हैं।


**होमग्राउंड पर बेस्ट विनिंग%-** होमग्राउंड पर क्रिकेट मैच जीतना विदेश के मुकाबले आसान रहता है, लेकिन टी-20 के नए दौर में यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है। होमग्राउंड पर भी सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम इंडिया ही है। भारत ने 103 में से 70 में जीत हासिल की है। यानी विनिंग रेट करीब 68% रहा। पाकिस्तान इस मामले में भारत के बेहद करीब है, लेकिन दोनों के बीच फिर भी 0.10% का अंतर है। मामूली अंतर से ही सही, लेकिन पाकिस्तान यहां भी भारत से पीछे है।

**सबसे ज्यादा 200+ स्कोर-** क्रिकेट आमतौर पर बैट और बॉल के संतुलन का खेल होना चाहिए, लेकिन टी-20 मॉडर्न डे गेम है और यहां बल्लेबाज बहुत हद तक हावी हो चले हैं। यहां लगातार छक्के मारना और बड़ा स्कोर बनाना मजबूत टीम का मापदंड बन गया है। टी-20 में सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा का स्कोर बनाने में भी टीम इंडिया ही आगे है। भारत ने 46 बार 200 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं, इतना ही नहीं टीम 4 बार 250 प्लस का स्कोर भी पार कर चुकी है। दुनिया की बाकी कोई टीम 30 बार भी 200 प्लस का स्कोर नहीं बना सकी। दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका ने 28-28 बार ऐसा किया है। वहीं वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की टीमें 2-2 बार ही 250 प्लस का स्कोर पार कर पाई हैं।

**सबसे ज्यादा 200+ स्कोर चेज-** क्रिकेट में पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाना कई बार आसान होता है, क्योंकि स्कोरबोर्ड का प्रेशर नहीं होता। दूसरी पारी में बड़े स्कोर का पीछा करना मुश्किल होता है, लेकिन इस पैरामीटर में भी टीम इंडिया सबसे आगे है। भारत के सामने 16 बार टीमों ने 200 प्लस का टारगेट रखा। भारत ने इनमें 10 बार 200 प्लस का स्कोर बनाया और रिकॉर्ड 8 बार जीत भी हासिल की। भारत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 7 और साउथ अफ्रीका ने 6 बार 200 प्लस का टारगेट सफलतापूर्वक चेज किया है।

**सबसे ज्यादा टी-20 सेंचुरी-** टी-20 क्रिकेट बल्लेबाजों का खेल बन चुका है। यहां बैटर्स के लिए शतक बनाना आसान हो चला है और हर दूसरे-तीसरे मुकाबले में कोई न कोई बैटर सेंचुरी लगा ही देता है। हालांकि, इस पैरामीटर में भी टीम इंडिया के बैटर्स बाकी टीमों से बहुत आगे हैं। भारत की ओर से अब तक 25 टी-20 इंटरनेशनल सेंचुरी लग चुकी हैं। जबकी दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बैटर्स 13-13 शतक ही लगा सके। हालांकि, वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 2-2 सेंचुरी इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के प्लेयर्स ने लगाई हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के प्लेयर्स 1-1 शतक ही लगा सके। सभी पैरामीटर में टॉप पर भारत- टी-20 क्रिकेट के 8 पैरामीटर में से 7 में टीम इंडिया ही टॉप पर है। वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने में जरूर भारत को इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने चैलेंज किया है। अगर टीम इंडिया इस बार का क्ळउ टूनार्मेंट जीत लेती है तो इस पैरामीटर में भी टॉप पर पहुंच जाएगी। इसी के साथ भारत के पास हर पैरामीटर में दुनिया की सबसे मजबूत टी-20 टीम होने का तमगा भी लग जाएगा।

## वेस्टइंडीज ने साउथअफ्रीका को 6 रन से आखिरी टी-20 हराया



ब्रह्मास्त्र ›› जोहान्सबर्ग

वेस्टइंडीज ने टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 6 रन से हरा दिया है। जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खराब मौसम और बिजली गिरने के डर के चलते मैच को 10-10 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 114 रन बनाए, लेकिन डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर साउथ अफ्रीका को 125 रनों का टारगेट मिला।

जवाब में अफ्रीकी टीम 10 ओवर में 118 रन ही बना सकी। हालांकि, सीरीज के पहले दो मैच जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। खराब मौसम के चलते दो बार रुका मैच मैच की शुरूआत से पहले ही बिजली गिरने के चलते खेल 75 मिनट देरी से शुरू हुआ। उस वक्त अंपायरों ने इसे 16-16 ओवर का करने का फैसला लिया था। वेस्टइंडीज की पारी के 6 ओवर ही हुए थे कि एक बार फिर आसमानी बिजली के चलते खेल रोकना पड़ा। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद मैच को 10 ओवर का कर दिया गया। जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तब विंडीज के पास बैटिंग के लिए सिर्फ 4 ओवर बचे थे। हेटमायर ने नाबाद 48 रन बनाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर अलग ही अंदाज में नजर आए। वे क्रीज पर बिना हेलमेट या कैप पहने ही बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने लुंगी एनगिडी और केशव महाराज के खिलाफ आक्रामक शॉट खेले। हेटमायर का एक छक्का सीधा स्टैंड्स में बैठे एक दर्शक के सिर पर जाकर लगा, जिसके बाद मेडिकल टीम को उसका चेकअप करना पड़ा।

## पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 111 रन से हराया



ब्रह्मास्त्र ›› लाहौर

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टी-20 में 111 रन से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लंबे समय से फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम ने शानदार वापसी करते हुए नाबाद 50 रन बनाए। उनके अलावा सईम अयूब ने 56 रन की अहम पारी खेली, जबकि शादाब खान ने सिर्फ 19 गेंदों में 46 रन बनाए।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम 96 रन पर ही सिमट गई। लेफ्ट आर्म स्पिनर मोहम्मद नवाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि शाहीन अफरीदी को 2 सफलता मिली। यह हार ऑस्ट्रेलिया की टी-20 इतिहास में रन के अंतर से सबसे बड़ी हार साबित हुई।

## पडीक्कल के शतक से कर्नाटक रणजी ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में

ब्रह्मास्त्र ›› बुलावायो

कप्तान देवदत्त पडीक्कल के शतक की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। पंजाब के खिलाफ पडीक्कल ने 85 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए।

दूसरी ओर डिफेंडिंग चैंपियन विदर्भ ने उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया, लेकिन इसके बावजूद टीम रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट दौर में जगह नहीं बना सकी। ग्रुप-अ से आंध्र प्रदेश और झारखंड ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

**विदर्भ 4 विकेट से जीता-** 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने तीसरे दिन 91/4 से आगे खेलना शुरू किया। रविवार को टीम ने 58.2 ओवर में 202/6 रन बनाकर मैच जीत लिया। अमन मोखड़े ने 150 गेंदों में 83 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 10 चौके शामिल थे। दानिश मालेवार ने 89 गेंदों में 54 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम शर्मा ने 4 विकेट लिए।

**आंध्र प्रदेश श२ नागालैंड मैच ड्रॉ रहा-** आंध्र ने नागालैंड के खिलाफ आखिरी मैच ड्रॉ खेलकर ग्रुप-अ में टॉप किया। नागालैंड ने दूसरी पारी में 342 रन बनाए, जिसमें विकेटकीपर चेतन बिष्ट ने 181 गेंदों में 100 रन और नगाहो चिशी ने 79 रन बनाए। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र ने सावधानी से बल्लेबाजी की और 8.3 ओवर में 64/4 रन बनाकर ड्रॉ सुनिश्चित किया, जो उनके लिए ग्रुप टॉप करने के लिए काफी था।

**झारखंड 4 विकेट से जीता-** जमशेदपुर में खेले गए मुकाबले में झारखंड ने ओडिशा को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया और क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया। ओडिशा ने दूसरी पारी में 226 रन बनाए, जिससे झारखंड को 246 रन का लक्ष्य मिला। झारखंड ने 71.3 ओवर में 249/6 रन बनाकर मैच जीत लिया। शरनदीप सिंह (64), रॉबिन मिंज (63) और अनुकूल रॉय (45) ने अहम योगदान दिया। इससे पहले अनुकूल रॉय ने 5 विकेट भी लिए थे।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर


भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280


Welcome To
CORBETT EYE
Investment Start Only 13.99 Lacs
Premium Plot Land in Jim Corbett
Gated Community
Modern Amenities
Nature Surroundings
High Appreciation
Plot Sizes: 600 – 1200 Sq.ft.
Price Starts at ₹ 1,999 /Sqft
Limited Plots
Bookings Now : 9711440196

## अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलिकॉप्टर सप्लाई करेगी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है। यह वही कंपनी है जिसका नाम बहुचर्चित श्श्कद्ध हेलिकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था।

अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक श्श्कद्ध हेलिकॉप्टर खरीद घोटाला है। इसमें कंपनी पर 12 एडब्ल्यू-101 (अह-101) हेलिकॉप्टर की खरीद में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों और बिचौलियों को लगभग 423 करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। भारत ने 2014 में इस सौदे को औपचारिक रूप से रद्द करने के बाद कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया गया था। सबूतों के अभाव में पहले इटली की अदालत ने और बाद में नवंबर 2021 में रक्षा मंत्रालय ने अगस्ता वेस्टलैंड को क्लीन चिट दे दी थी।

यह सौदा 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली वढअ सरकार के दौरान इटली की कंपनी फिनमेकेनिका की सहायक कंपनी 'अगस्ता वेस्टलैंड' के साथ हुआ था। 2013 में इटली की जांच एजेंसियों ने रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच शुरू की। सौदे में बिचौलियों की भूमिका सामने आई। मामला उइक को सौंपा गया और नौबत यह भी आई कि सौदे के समय वायु सेना प्रमुख रहे एयर चीफ मार्शल एसपी त्यागी और कुछ अन्य लोगों को जेल भी जाना पड़ा।

### ट्रम्प के टैरिफ से बदली भारत की विदेश और व्यापार नीति

# अमेरिका-चीन के बीच फंसा भारतः अब कम ताकतवर देशों से बढ़ा रहा दोस्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था ह्यटूटह्न रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ आकर काम करना होगा।

दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न तो ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिनकी वजह से पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधे तौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफ तौर पर भारत की तरफ था।

भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है। एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं तो दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। ऐसे हालात में भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है।

## भारत-EU ने 18 साल से अटकी डील पूरी की

इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन की प्रमुख उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े एक बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने मदर ऑफ ऑल डील्स कहा।

इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नई अंतरराष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत की इकोनॉमी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टॉप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है।

प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए। लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं।

## भारत-ब्रिटेन के बीच FTA से बदलाव शुरू

भारत और दूसरे अहम देशों के बीच रिश्तों में तेजी पिछले साल ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दिखनी शुरू हुई। यह समझौता लंबे समय से अटका हुआ था।

इसके बाद दिसंबर में ओमान और न्यूजीलैंड के साथ भी ऐसे ही अहम समझौते किए गए। ये द्विपक्षीय समझौते दिखाते हैं कि भारत की नीति में बदलाव आ रहा है।

पिछले कुछ हफ्तों में जर्मनी, जापान, यूएई और सऊदी अरब के बड़े नेता नई दिल्ली आए। हर मुलाकात में भारत के साथ रिश्ते आगे बढ़ाने की बात हुई और नए समझौते किए गए। फरवरी में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी भारत आने वाले हैं। इसके बाद मार्क कार्नी भी भारत आएंगे। उम्मीद है कि वे मार्च में कनाडा के एक डेलिगेशन के साथ नई दिल्ली आएंगे और एक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाएंगे।

## ट्रम्प के टैरिफ से रिश्ते खराब हुए

पिछले साल डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आने वाले ज्यादातर सामान पर 50% टैरिफ लगा दिया था। इसमें आधा जवाबी टैरिफ था और आधा रूस से तेल खरीदने की सजा के तौर पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैक्स।

यहीं से भारत-अमेरिका के रिश्तों में बदलाव शुरू हुआ। इससे पहले 25 सालों तक अमेरिका और भारत के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश होती रही थी, खासकर चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए। हालांकि भारत, चीन के खिलाफ खुलकर अमेरिका के साथ खड़ा होने से हिचक रहा था।

भारत का मुंद्रा पोर्ट। पिछली साल जुलाई-अगस्त में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले ज्यादातर सामानों पर 50% टैरिफ (शुल्क) लगा दिया था। भारत का मुंद्रा पोर्ट। पिछली साल जुलाई-अगस्त में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले ज्यादातर सामानों पर 50% टैरिफ (शुल्क) लगा दिया था।

## अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार



अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है और 50% टैरिफ लगने के बाद वहां भारत के निर्यात में शुरूआती महीनों में भारी गिरावट आई। पिछले साल भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 7% कमजोर हुई। भारत ने इसकी भरपाई इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर पर ज्यादा ध्यान देकर की, क्योंकि इस पर टैरिफ नहीं लगता। साथ ही दूसरे देशों में भी अपना बाजार बढ़ाया। नतीजा यह हुआ कि कुल मिलाकर भारत का निर्यात पिछले साल बढ़ ही गया। इन नए व्यापार समझौतों के साथ-साथ देश के भीतर हो रहे आर्थिक सुधार भारत को और मजबूती दे सकते हैं। अर्थशास्त्री रजत कथूरिया कहते हैं, ह्लभारत में अक्सर संकट को सुधार का मौका बना लिया जाता है। जैसे छत से पानी टपकने लगे, तो पूरा घर ही मरम्मत के लिए तैयार कर दिया जाता है।

### ट्रम्प बोले- रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, वेनेजुएला से लेगा; प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- शुक्रिया

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जिस ट्रेड डील का इंतजार था, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसकी घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25% से घटाकर 18% कर दिया है।

ट्रम्प ने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यट्रुथ सोशलह्न पर ट्रेड डील की घोषणा की। ट्रम्प ने दावा किया कि मोदी रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने पर राजी हो गए हैं।

ट्रम्प के मुताबिक, जरूरत पड़ी तो भारत वेनेजुएला से तेल लेगा। भारत ह्यबाय अमेरिकनह्न नीति के तहत अमेरिका से 46 लाख करोड़ रुपए (500 अरब डॉलर) से अधिक का सामान खरीदेगा। वहीं, ट्रम्प के एलान के बाद पीएम ने पर लिखा- भारत के 1.4 अरब लोगों की तरफ से राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया।

ट्रम्प ने अप्रैल 25 में भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ और फिर रूस से तेल खरीदने के कारण अगस्त में 25% पेनल्टी का ऐलान किया था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी अठक को बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18% ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25% टैरिफ हटा देगा।



## अब भारत उन देशों में शामिल जिनपर सबसे कम टैरिफ

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ठऊळश से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा- यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है। पहले भारत पर काफी ज्यादा टैरिफ लगता था, लेकिन अब भारत उन देशों में आ गया है जिन पर कम टैरिफ है। राजदूत गोर के मुताबिक, ट्रम्प और मोदी की दोस्ती इस डील को पूरा करने में सबसे बड़ी वजह बनी।

आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। हमने रूस-यूक्रेन युद्ध सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। ढट मोदी ने रूस से तेल की खरीद बंद करने पर सहमति जताई। भारत अब अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदेगा। इसके अलावा वेनेजुएला से तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई। इससे यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करने में मदद मिलेगी, जहां हर हफ्ते हजारों लोगों की जान जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती, सम्मान और उनके अनुरोध पर, हमने अमेरिका और भारत के बीच तुरंत एक ट्रेड डील पर सहमति बनाई है। इसके तहत अमेरिका भारत पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैरिफ 25% से घटाकर 18% करेगा। वहीं भारत भी अमेरिका के खिलाफ अपने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को घटाकर शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। ढट मोदी ने 'बाय अमेरिकन' को लेकर भी बड़ी प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज्यादा के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद खरीदेगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मुरलीमनोहर अग्रवाल पिता शंकरलाल अग्रवाल निवासी 60 विद्यापति नगर नानाखेडा उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व का भवन म्यु० क0 60 का पूर्वी दिशावाला भाग स्थित विद्यापति नगर, नानाखेडा उज्जैन में है, जिसका टोटल एरिया 84.75 वर्गमीटर का है जो दो मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है, जिसके पूर्व में मकान क्रमांक 61, पश्चिम में भवन प्रकाशचंद बडगोत्या का, उत्तर में खुली भूमि, दक्षिण में सडक कालोनी की, जिसकी पेमाईश लंबाई- 15.00 मीटर। चौडाई 5.65 मीटर। उक्त भवन को कय करने का सौदा किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त भवन पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, हिस्सा, हक, अधिकार हो या भवन कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधनग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या भवन के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या भवन विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो तो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 2/2/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा), एडवोकेट**
**51. दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मोबा० नं0 94250-91124**

## अमेरिका बोला- एच-1बी वीजा फीस एक बार लगेगी

# अंडरवियर में महिला के साथ नजर आए पूर्व ब्रिटिश राजदूत, एपस्टीन फाइल्स में सामने आई तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

पूर्व ब्रिटिश राजदूत पीटर मैंडेलसन की अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए फाइल्स में एक तस्वीर सामने आई है। इसमें मैंडेलसन एक महिला के साथ सिर्फ अंडरवियर और शर्ट में नजर आए हैं, महिला बाथरोब में है।

तस्वीर सामने आने के बाद मैंडेलसन ने पीएम कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मैंडेलसन ने कहा कि वे पार्टी को और शर्मिंदगी नहीं देना चाहते, इसलिए पार्टी की सदस्यता छोड़ रहे हैं।

नए दस्तावेजों में बैंक रिकॉर्ड दिखाए गए हैं, जिनमें 2003 और 2004 में एपस्टीन ने मैंडेलसन से जुड़े खातों में कुल 75,000 अमेरिकी डॉलर के तीन अलग-अलग भुगतान किए थे, हर भुगतान 25,000 डॉलर का था। पिछले साल सितंबर में एपस्टीन से उनके पुराने संपर्क सामने आने के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। स्टार्मर ने मैंडेलसन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें पिछले साल ही राजदूत पद से हटा दिया गया था और अब वे इस पर कुछ नहीं कहना चाहते।

अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफ्री एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2,000 वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं।

### एपस्टीन के कहने पर मैंडेलसन ने वित्त विभाग पर दबाव डाला था

जारी हुए दस्तावेजों में एक ईमेल सामने आया है, जिसमें 2009 में मैंडेलसन ने एपस्टीन को बताया था कि वे ब्रिटिश सरकार पर बैंकर्स के बोनस पर टैक्स को लेकर लॉबिंग कर रहे हैं। दिसंबर 2009 के एक ईमेल में एपस्टीन ने मैंडेलसन से पूछा था क्या बैंकरों के बोनस पर टैक्स सिर्फ कैश हिस्से पर लगाया जा सकता है।


इसके जवाब में मैंडेलसन ने लिखा कि वे इस पर जोर दे रहे हैं कि ऐसा ही हो, लेकिन ट्रेजरी इसका विरोध कर रही है। यह उस समय की बात है जब मैंडेलसन बिजनेस सेक्रेटरी थे और वित्त मंत्री अलिस्टेयर डार्लिंग ने वित्तीय संकट के बाद बैंकों के बड़े बोनस पर 'सुपर टैक्स' लगाया था।

वैश्विक वित्तीय संकट के बाद डार्लिंग ने 9 दिसंबर 2009 को बैंकों से मिलने वाले बड़े बोनस (बोनस जो ₤25,000 से ज्यादा हों) पर 50% सुपर टैक्स लगाने की घोषणा की थी। यह टैक्स बैंकों को ही देना पड़ता था। यह ईमेल दिखाता है कि 2009 में एपस्टीन ने मैंडेलसन से अनुरोध किया कि वे सरकार से बैंकर बोनस टैक्स को कमजोर करने की कोशिश करें और मैंडेलसन ने कहा कि वे वित्त विभाग पर दबाव डाल रहे हैं।

### विपक्ष ने मैंडेलसन पर जांच की मांग की

मैंडेलसन के इस्तीफे के बाद लेबर पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी सभी शिकायतों को गंभीरता से लेती है और नियमों के अनुसार जांच होगा। वहीं, विपक्षी पार्टी ने मैंडेलसन की अमेरिका में राजदूत नियुक्ति पर स्वतंत्र जांच की मांग की है। कंजर्वेटिव प्रवक्ता ने कहा कि मैंडेलसन पूरी तरह से बदनाम हो चुके हैं, लेकिन कीर स्टार्मर ने उन्हें पार्टी से निकालने की हिम्मत नहीं दिखाई और उन्हें खुद इस्तीफा देने दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्मर और उनके चीफ ऑफ स्टाफ ने एपस्टीन से संबंध होने के बावजूद मैंडेलसन को राजदूत बनाया और सबूत बढ़ने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। अब प्रधानमंत्री की खराब निर्णय क्षमता को देखते हुए स्वतंत्र जांच जरूरी है।





## स्कूल टीचर से यौन अपराधी बना एपस्टीन

**2005:** पहली बार नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप

**2006:** जांच शुरू हुई, एपस्टीन के शक्तिशाली लोगों से संबंधों का खुलासा



**2008:** नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार का दोषी पाया गया, 18 महीने की सजा

**2009:** जेल से बाहर आने के बाद भी एपस्टीन की अय्याशियां चलती रहीं



**2017:** मी टू मूवमेंट शुरू, एपस्टीन के खिलाफ फिर से आरोप लगे

**2019:** 6 जुलाई को गिरफ्तार, 10 अगस्त को न्यूयॉर्क की जेल में मरा मिला

# नॉर्वे के डिप्लोमेट ने भारतीयों को सांप से बदतर बताया

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी करीब 30 लाख से ज्यादा फाइलें सार्वजनिक कर दी हैं। इन फाइलों के सामने आते ही कई बड़े और रसूखदार लोगों के छिपे हुए सच बाहर आ रहे हैं।

इन्हीं दस्तावेजों में नार्वे के एक डिप्लोमेट टेर्जे रॉड-लार्सन का 25 दिसंबर 2015 का एक ईमेल है। इसमें उन्होंने भारतीयों को सांप से भी बदतर बताया है। दस्तावेजों से पता चला है कि एपस्टीन ने लार्सन को किसी भारतीय नेता का ईमेल फॉरवर्ड किया था। इसके जवाब में लार्सन ने कहा था कि 'जब आप एक भारतीय और एक सांप से मिलें, तो पहले भारतीय को मार डालो।' हालांकि ये अभी तक क्लियर नहीं है कि लार्सन ने भारतीयों के खिलाफ ये मेल क्यों लिखा था। एपस्टीन फाइल से ये भी पता चला था कि लार्सन ने 2013 में बिल गेट्स और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की मुलाकात की जानकारी सीधे जेफरी एपस्टीन को भेजी थी।यह मुलाकात न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुई थी। ईमेल में इस बैठक की पूरी रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि बिल गेट्स ने पाकिस्तान में पोलियो खत्म करने के लिए की जा रही कोशिशों की तारीफ की थी और कहा था कि इस दिशा में पाकिस्तान ने अपने काम को दोगुना कर दिया है।



### ब्रिटिश प्रिंस ने एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजी



ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू ने 2008 में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को अपनी बेटियों की तस्वीरें भेजीं थी। यह खुलासा 2010 और 2011 के ईमेल्स से हुआ है, जिसे जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को जारी किया था। प्रिंस एंड्रयू की तरफ से एपस्टीन को 20 दिसंबर 2012 को एक कार्ड भेजा गया। इसमें कुल 4 तस्वीरें थीं। दो तस्वीरों में प्रिंसेस बीट्रिस को फरवरी 2012 में मोंट ब्लांक पर चढ़ाई करते हुए दिखाया गया है, जबकि प्रिंसेस यूजिनी की साइकिल चलाते तस्वीर भेजी गई थी। प्रिंसेस यूजिनी ने 18 जनवरी 2026 को अपने पिता एंड्रयू से सभी संपर्क तोड़ने का ऐलान किया था। प्रिसेंस ने कहा था कि मैं क्रिसमस के दौरान उनसे मिलने भी नहीं गई थी।

### एंड्रयू ने क्रिसमस कार्ड में भेजी थीं राजकुमारियों की तस्वीरें

यह तस्वीरें उस समय भेजी गईं, जब एंड्रयू दावा कर चुके थे कि उन्होंने एपस्टीन से सभी संबंध खत्म कर दिए हैं। ब्रिटिश अखबार ह्यद सनह्ल के मुताबिक उस समय यूजिनी 21 साल की और बीट्रिस 23 साल की थीं। नए दस्तावेजों के मुताबिक, 21 दिसंबर 2011 को 'एचआरएच द ड्यूक ऑफ यॉर्क' ईमेल आईडी से एपस्टीन को एक क्रिसमस कार्ड भेजा गया था।

# चीन की मिसाइलों में फ्यूल की जगह पानी भर दिया

## रिपोर्ट में दावा- कई मिसाइलें खुल भी नहीं पाईं, जिनपिंग ने अफसरों को निकाला

ब्रह्मास्त्र ›› बीजिंग

चीन की रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का बड़ा घोटाला सामने आया है। ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिमी चीन में कुछ मिसाइलों में फ्यूल की जगह पानी भरा हुआ था।


रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिन जगहों से इन मिसाइलों को जमीन के नीचे बने जिन साइलो से लॉन्च किया जाना था, वे भी ठीक नहीं थे। ये साइलो इतने भारी और खराब तरीके से बनाए गए थे कि उनके ढक्कन खुल ही नहीं पा रहे थे। इन खुलासों के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट फोर्स के पूरी टॉप लीडरशिप को हटा दिया।

पिछले महीने भ्रष्टाचार के मामले में सबसे बड़ी कार्रवाई की गई। चीन की सेना की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के वाइस चेयरमैन झांग यूक्सिया को उनके पद से हटा दिया गया। झांग ढछअ के सबसे सीनियर अफसर थे और शी जिनपिंग को बचपन से जानते थे। इसके बावजूद उन्हें हटाया जाना दिखाता है कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं गया। अब तक 5 अफसर हटाए जा चुके हैं।




जानकारों का कहना है कि यह सिर्फ भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम नहीं है। शी जिनपिंग चाहते हैं कि सेना पूरी तरह उनके नियंत्रण में रहे और एक ऐसी आधुनिक फौज बने, जो जरूरत पड़ने पर ताइवान पर हमला कर सके। उनका लक्ष्य है कि 2027 तक सेना पूरी तरह तैयार हो और 2049 तक चीन की फौज अमेरिका से भी ज्यादा ताकतवर बन जाए। चीन मामलों के पूर्व उकअ एक्सपर्ट जोनाथन जिन के मुताबिक, इस पूरे अभियान का पैमाना बेहद बड़ा है। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार एक तरफ सेना को कमजोर कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ शी जिनपिंग इसी मुद्दे के जरिए सेना को अपने राजनीतिक और रणनीतिक लक्ष्यों के मुताबिक ढाल रहे हैं। वाइस-चेयरमैन झांग सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के पहले रैंक वाले उपाध्यक्ष थे।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**
1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | | | | | | | | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ग | अ | र | क्षा | वं | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | श्रा | झ | श | शि | ह्य | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | ठो | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| र्श | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | थिं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | इ | क | पा | क्षं | ज | दू |
| ग | ण | औ | र | जी | ल | ड्ढ | व | गो | र | ट |
| र | ल | प | चा | जैं | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | पे | श | च | तु | र्थी | व | श | त्रु | ध्व | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

सोनू मोनू आपस में बात कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।
00000000000
पति - आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर गिर गई थी और आंख लग गई थी।
000000000
टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!
000000000
संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कही नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।
000000000
पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्डकप में भारत का बॉयकॉट क्यों किया

**टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच नहीं होगा। पाकिस्तान सरकार ने रविवार शाम को इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान किया। दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में एक-दूसरे से भिड़ने वाली थीं। इसके पहले पहले बांग्लादेश टीम ने भारत में**




**खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद क्ळउ ने उसे वर्ल्डकप से ही बाहर कर दिया था। आखिर पाकिस्तान ने मैच खेलने से क्यों इनकार किया, क्या अब पाकिस्तान को भी बाहर किया जा सकता है, इसे क्ळउ को कितना नुकसान;**

## मैच नहीं हुआ तो कितना नुकसान उठाएगा

### पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का बॉयकॉट क्यों किया?



**पाकिस्तान ने बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर निकाले जाने के विरोध में भारत के साथ मैच खेलने से इनकार किया है**

दरअसल, बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में मैच खेलने से मना कर दिया था। 21 जनवरी को क्ळउ बोर्ड मीटिंग में बांग्लादेश के मैच भारत के बजाय श्रीलंका में कराने के लिए वोटिंग हुई। 14 देशों ने बांग्लादेश के खिलाफ वोट किया। सिर्फ पाकिस्तान ही था, जो उसके साथ था।

20-21 जनवरी को ही खबरें आईं कि पाकिस्तान टीम और ढउइ ने बांग्लादेश को सपोर्ट करते हुए वर्ल्ड कप की तैयारियां रोक दी हैं।

24 जनवरी को क्ळउ ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूनामेंट में एंट्री दी थी। बांग्लादेश के वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद ढउइ चीफ मोहसिन नकवी ने क्ळउ डबल स्टैंडर्ड का आरोप लगाया और कहा, ह्यबांग्लादेश के साथ नाइंसाफी हुई है।

पाकिस्तानी मीडिया ने  सूत्रों के हवाले से खबरें चलाईं कि अगर बांग्लादेश को वर्ल्ड कप से बाहर किया गया तो पाकिस्तान भी बायकॉट करेगा।

मोहसिन नकवी ने कहा कि पाकिस्तान के खेलने या न खेलने का फैसला इस शुक्रवार या अगले सोमवार तक पाकिस्तानी सरकार करेगी। हालांकि पाकिस्तान के पास वर्ल्डकप न खेलने का कोई वाजिब तर्क नहीं था ।इसी के चलते 25 जनवरी को पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप-2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया, जिसमें बाबर आजम, शादाब खान और नसीम शाह जैसे सीनियर खिलाड़ी हैं।

नकवी ने 26 जनवरी को ही पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में पाकिस्तान के वर्ल्ड कप पार्टिसिपेशन और भारत के खिलाफ मुकाबले को लेकर बाते हुईं। इसके बात खबरें आईं कि पूरा वर्ल्ड कप बायकॉट करने की जगह, इन दो विकल्पों पर विचार किया जा रहा है- बांग्लादेश से सॉलिडैरिटी दिखाने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ी काली पट्टी पहनकर खेलने उतरें। या फिर पाकिस्तान सिर्फ भारत के साथ होने वाले मैच खेलने से मना कर दे।

इसके बाद 1 फरवरी को देर शाम पाकिस्तान सरकार ने एक  पोस्ट में भारत के खिलाफ मैच न खेलने की घोषणा की। इसमें लिखा गया, ह्यइस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को क्ळउ वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।



### पाकिस्तान-भारत का मैच न होने से दोनों टीमों में से किसे फायदा?

**भारत और पाकिस्तान की टीमें वर्ल्ड कप के ग्रुप-अ में है। चारों ग्रुप में 5-5 टीमें हैं, जिनमें से 2-2 टीमें सुपर-8 स्टेज में जाएंगी। चूंकि पाकिस्तान-भारत का मैच नहीं होगा, ऐसे में दोनों टीमें ग्रुप स्टेज में 3-3 मैच ही खेलेंगी। पाकिस्तान 7 फरवरी को नीदरलैंड, 10 फरवरी को अमेरिका और 18 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। वहीं टीम इंडिया 7 फरवरी को अमेरिका, 12 फरवरी को नामीबिया और 18 फरवरी को नीदरलैंड से मुकाबला करेगी।**

प्लेइंग कंडीशन के मुताबिक, अगर कोई टीम मैच खेलने से मना करती है तो इस टीम द्वारा मैच को ह्यकंसीडेडह्ण माना जाता है, साथ ही दूसरी टीम को मैच ह्यअवार्डेडह्ण दिया जाता है। यानी दूसरी टीम एक तरह से मैच बिना खेले ही जीत जाती है। प्लेइंग कंडीशन के क्लॉज 16.10.7 के मुताबिक, मैच खेलने से मना करने वाली टीम के पूरे ओवर में शून्य रन माने जाते हैं।

पाकिस्तान के बायकॉट का मतलब होगा कि 15 फरवरी को होने वाले इस मैच के 2 पॉइंट्स भारत को मिल जाएंगे और भारत के सुपर-8 में पहुंचने की राह काफी आसान हो जाएगी।

जबकि पाकिस्तान के मैच न खेलने से पाकिस्तान का रन रेट खराब होगा। वहीं भारत का रन रेट बेहतर हो जाएगा, क्योंकि भारत का एक भी ओवर काउंट नहीं होगा। पाकिस्तान का रन रेट निगेटिव में भी जा सकता है। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा नामीबिया, नीदरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। हालांकि पाकिस्तान बाकी मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर इस स्थिति में भी सुपर-8 में पहुंच सकती है।

अगर भारत ग्रुप से टॉप-2 में क्वालीफाई करता है, तो सुपर-8 में उसके 3 मैच होंगे। सुपर-8 से टॉप-2 में पहुंचने पर सेमीफाइनल और फिर जीतने पर फाइनल मैच होगा। यानी भारत के कम से कम 3 और अधिकतम 8 मैच होंगे।

इसी तरह अगर पाकिस्तान भी सुपर-8 में पहुंचा, तो उसका भारत से मुकाबला हो सकता है। इससे आगे बढ़ने पर और मुकाबले भी हो सकते हैं। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं है अगर नॉकआउट में भारत सामने आया तो पाकिस्तान मैच खेलेगा या नहीं।

### वर्ल्ड कप में किस-किस टीम ने बॉयकॉट किया

**1996 वर्ल्ड कप**

**ऑस्ट्रेलिया**
खिलाफ- श्रीलंका

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| कोलंबो में आतंकी हमला, सुरक्षा चिंता | श्रीलंका को वॉकओवर |

**1996 वर्ल्ड कप**

**वेस्टइंडीज**
खिलाफ- श्रीलंका

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| कोलंबो में आतंकी हमला, सुरक्षा चिंता | श्रीलंका को वॉकओवर |

**2003 वर्ल्ड कप**

**इंग्लैंड**
खिलाफ- जिम्बाब्वे

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| राजनीतिक अशांति, ब्रिटिश सरकार का निर्देश | जिम्बाब्वे को वॉकओवर |

**2003 वर्ल्ड कप**

**न्यूजीलैंड**
खिलाफ- केन्या

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| सुरक्षा चिंताएं | केन्या को वॉकओवर |

**2026 टी-20 वर्ल्ड कप**

**पाकिस्तान**
खिलाफ- भारत

| कारण | नतीजा |
|---|---|
| बांग्लादेश के वर्ल्ड कप से बाहर होने पर सपोर्ट | तय नहीं |

■ वर्ष-12 अंक-92 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 03 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्त्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह॥

**भावार्थ** : हे सर्वज्ञ अग्निदेव! सुवर्ण के रंगवाली, सोने और चाँदी के हार पहनने वाली, चन्द्रमा के समान प्रसन्नकांति, स्वर्णमयी लक्ष्मीदेवी को मेरे लिये एआव्हान करो।

**सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववणेर्षु साक्षिभिः॥**

**भावार्थ** : सत्य वचन से साक्षी पावन बनता है, सत्य से धर्म बढ़ता है। इस लिए सभी वर्णो में, साक्षी ने सत्य हि बोलना चाहिए।

## विहारं कुर्वन्ति अथवा बालकाः वीथिषु क्रीडन्ति तदा अभवत् तर्हि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

स्नेहनगरस्य निवासिनः अस्याः घटनायाः विषये अतीव क्रुद्धाः सन्ति, यतः ते नियमितरूपेण अस्मिन् मार्गे द्रुतगतिना वाहनानां, मत्तवाहनस्य च शिकायतां सूचनां ददति। स्थानीयजनाः वदन्ति यत् यदि एषः दुर्घटना सायंकाले यदा जनाः विहारं कुर्वन्ति अथवा बालकाः वीथिषु क्रीडन्ति तदा अभवत् तर्हि महती प्राणहानिः स्यात्। दुर्घटनायाः अनन्तरं काचखण्डाः, वाहनस्य मलिनाः च मार्गे कचराः अभवन्, ये प्रातःकाले स्वच्छताकर्मचारिभिः निष्कासिताः। अधुना पुलिस समीपस्थेषु सीसीटीवी-कैमरेषु दृश्यानि परीक्ष्य दुर्घटनायाः सटीकवेगस्य चालकस्य प्रमादस्य च ठोससाक्ष्यं संग्रहयति। एतत् दुर्घटना पुनः एकवारं जबलपुरस्य मागेर्षु रात्रौ मत्तवाहनचालनस्य घटनायाः, पुलिसस्य सतर्कतायाः च विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति।

## सम्पादकीयम्

### कूटनीतिक प्रतिक्रिया

गतमासे अमेरिकादेशः उत्साहेन युक्रेन-रूस-युरोप-देशयोः प्रतिनिधिभिः सह फ्लोरिडा-नगरे पृथक पृथक सभाः आयोजितवान्। एतेषु समागमेषु ट्रम्पस्य जामाता जेरेड् कुश्न ́अपि भागः आसीत, युक्रेन-देशस्य सुरक्षायाः गारण्टीं दातुं च ध्यानं आसीत्। परन्तु एतेषां समागमानाम् प्रभावः न दृश्यते, यतः तेषां सह रूसी-आक्रमणानां तीव्रता अपि अभवत्। अधुना ब्रिटेन-फ्रांस्-देशयोः सहमतिपत्रे हस्ताक्षरं कृतवन्तौ, तदनुसारं शान्तिसम्झौतेन अनन्तरं युक्रेनदेशे सैन्यं नियोक्तुं अभिप्रायः अस्ति, रूसदेशः तु एतस्य विरोधं करोति तैलस्य वास्तविकता। रूस-युक्रेन-देशयोः विषयः बहुषु मोचेर्षु जटिलः अस्ति, परन्तु ट्रम्प-प्रशासनं केवलं एकस्मिन् पक्षे सरलीकरोति यत् तैलक्रयणम् इति। विचित्रं यत् ट्रम्पस्य स्वस्य दावस्य अनुसारं भारतं इदानीं रूसदेशात् न्यूनतया तैलस्य आयातं करोति। कूटनीतिक प्रतिक्रिया। युद्धात् तैलपर्यन्तं ट्रम्पः प्रतिदिनं नूतनं दावान् करोति। अद्यैव सः पीएम नरेन्द्रमोदी-ट्रम्प-प्रशासनयोः मध्ये अपाचे-हेलिकॉप्टर-सौदान्तरे एकं वक्तव्यं दत्तवान्, यस्मिन् त्रुटयः सन्ति। ट्रम्पस्य वचनं असामान्यं पारम्परिककूटनीतिकभाषायाः विचलितं च अस्ति। भारतेन स्वस्य विरोधस्य पञ्जीकरणाय कूटनीतिकसाधनं स्वीकुर्यात्। वाशिङ्गटनं प्रति तस्य कार्याणि द्विपक्षीयसम्बन्धानां हानिं कुर्वन्ति इति बोधयितुं महत्त्वपूर्णम्। सम्प्रति द्वयोः देशयोः मध्ये व्यापारसौदानां विषये वार्ता प्रचलति अतः तस्मिन् विषये एव ध्यानं भवेत्।

## गङ्गायां लीटर दुग्धं पातितम्, एकः दरिद्रः बालिका ताडितः

# प्रेषितः च, एकः वायरल् वीडियो नूतनं वादविवादं जनयति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारते धर्मस्य आस्थायाः च केन्द्राणि प्रायः स्वस्य भव्यतायाः परम्परायाः च कृते प्रसिद्धानि सन्ति, परन्तु अद्यतनस्य एकः भिडियो यः सामाजिकमाध्यमेषु वायरल् अभवत्, सः एतेषां परम्पराणां नैतिकतायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। दुग्धभिषेक इति शताब्दीपुरातनस्य हिन्दुसंस्कारस्य समये चलच्चित्रं गृहीतम् अयं विडियो न केवलं आस्थायाः स्वरूपस्य विषये अपितु समाजस्य विशेषाधिकारयुक्तायाः मानसिकतायाः सामाजिकदायित्वस्य च विषये अपि उष्णविमर्शं प्रेरितवान् अस्ति। भिडियायां चित्रिताः दृश्याः एतावन्तः हृदयविदारकाः सन्ति यत् ते अस्मान् दानस्य कर्म इत्यस्य परिभाषायाः एव पुनः परीक्षणं कर्तुं बाध्यं कृतवन्तः। अन्तर्जालस्य जनाः इदानीं पृच्छन्ति यत् ईश्वराय दुग्धं अर्पयितुं पूर्वं मानवीयभावनानां त्यागः सम्यक अस्ति वा?

गङ्गायाः तटे चलच्चित्रे गृहीते अस्मिन् वायरल् क्लिप् मध्ये एकः भक्तः ताम्रघटात् लीटर दुग्धं पवित्रगङ्गानद्यां भक्त्या पातयन् दृश्यते दृश्यं तदा अधिकं विक्षोभजनकं भवति यदा केचन बालिकाः रिक्तपात्राणि धारयन्तः प्रवहन्तं दुग्धं संग्रहीतुं प्रयतन्ते। ते सम्भवतः क्षीरेण स्वस्य, स्वपरिवारस्य च क्षुधां पूरयितुं अभिलषन्ति स्म। परन्तु हृदयविदारकं विवर्तनं तदा आगच्छति यदा भक्तः बालिकानां समीपं दृष्ट्वा स्वस्थानं परिवर्तयति। सः क्षीरं दरिद्रकन्यानां पात्रेषु न पतति, अपितु साक्षात् नदीं प्रति प्रवहति इति निश्चयं करोति। सः ताः निदोर्षाः बालिकाः दूरं धक्कायति, प्रश्नं उत्थापयति यत् भक्तिमार्गः मानवतायाः प्रति एतावत् कठोरः भवितुम् अर्हति वा?

सामाजिकमाध्यमेषु प्रतिक्रियाणां जलप्लावनम् अभवत् अस्य भिडियायाः कारणात्। नेटिजनानाम् एकः विशालः वर्गः तत् श्वेतप्रक्षालितं अपशिष्टं असंवेदनशीलतायाः ऊर्ध्वता च इति आह्वयति स्म। आलोचकाः तर्कयन्ति यत् हिन्दुधर्मस्य मौलिकदर्शने नरसेवा ही नारायणसेवा (मनुष्यस्य सेवा ईश्वरसेवा एव) इति कथ्यते, अर्थात् क्षुधातार्नाम् भोजनं ईश्वरस्य महती पूजा अस्ति। जनाः टिप्पणीं कृतवन्तः यत् यस्मिन् देशे कोटिकोटिबालाः कुपोषणेन क्षुधायाः च पीडिताः सन्ति, तस्मिन् देशे ईश्वरस्य नामधेयेन नदीयां लीटर दुग्धं पातयित्वा आवश्यकतावशात् तस्य उपयोगं न करणं केवलं प्रतीकात्मकभक्तिः एव, न तु सत्या करुणा। अनेके उपयोक्तारः तस्य वर्णनं आध्यात्मिकं दम्भम् इति कृतवन्तः, यत्र व्यक्तिः स्वस्य पुण्यस्य।

## आरबीआई ग्राहकानाम्

### महतीं राहतं ददाति : अधुना बैंक-एनबीएफसी-शिकायतानां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भारतस्य रिजर्वबैङ्केन देशे कोटिकोटिबैङ्क-वित्तीयसेवा-उपभोक्तृणां हिताय शिकायत-निवारण-व्यवस्थां सुदृढां कर्तुं महत्त्वपूर्णः दूरगामी च निर्णयः कृतः, येन सुदृढीकरणस्य, पारदर्शितायाः, उत्तरदायित्वस्य च दिशि प्रमुखं कदमम् अङ्गीकृतम् अस्ति वषार्णां यावत ग्राहकाः बङ्केषु, गैर-बैङ्क-वित्तीय-कम्पनीषु च परितः धावन्तः क्लान्ताः भवन्ति इति सामान्या शिकायतया, परन्तु तेषां समस्याः न समये एव निराकृताः भवन्ति, न च तेषां सन्तोषजनकाः प्रतिक्रियाः प्राप्यन्ते एतेषां अनुभवानां आधारेण, शिकायतां वर्धमानस्य च आधारेण अधुना आरबीआइ-संस्थायाः नूतनानि मार्गदर्शिकानि जारीकृतानि येन बङ्कानां एनबीएफसी-संस्थानां च अन्तः एकं सुदृढं आन्तरिकं तन्त्रं विकसितं भवति, यत् साधारणग्राहकानाम् प्रत्यक्षं लाभं प्राप्स्यति।

आरबीआईद्वारा निर्गतानाम् एतेषां मार्गदर्शिकानां अन्तर्गतं विनियमितसंस्थानां अन्तः आन्तरिकलोकपालस्य भूमिका अधिका स्पष्टा, प्रभावी, स्वतन्त्रा च कृता अस्ति। केन्द्रीयबैङ्कस्य मतं यत् यदि प्रारम्भिकपदे शिकायतां न्यायपूर्णतया पारदर्शकतया च निराकृतं भवति तर्हि ग्राहकानाम् बाह्यमञ्चानां वा बैंकलोकपालस्य वा समीपं पुनः पुनः गन्तुं आवश्यकता न भविष्यति। एतत् पदं न केवलं ग्राहकानाम् समयस्य ऊजार्याः च रक्षणं करिष्यति अपितु संस्थासु विश्वासं सुदृढं करिष्यति। नवीननियमानुसारं आन्तरिकलोकपालस्य नियुक्तेः कार्यस्य च स्पष्टमापदण्डाः निर्धारिताः सन्ति। एतत् वाणिज्यिकबैङ्केषु, लघुवित्तबैङ्केषु, भुगतानबैङ्केषु, गैर-बैङ्कवित्तीयकम्पनीषु, गैर-बैङ्कपूर्वभुगतानयन्त्रनिर्गमकेषु, ऋणसूचनाकम्पनीषु च प्रवर्तते।

## राशिफल

**मेष** : गुस्से या जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें, नहीं तो बात बिगड़ सकती है। पैसों के मामले में स्थिति ठीक रहेगी।

**वृषभ** : सीनियर्स आपसे संतुष्ट रह सकते हैं। प्रेम जीवन में बातचीत से रिश्ते बेहतर होंगे। कोई अच्छा निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** : रिश्तों में छोटी-छोटी गलतफहमियां हो सकती हैं, लेकिन संवाद से सब संभल जाएगा।

**कर्क** : दफ्तर में जिम्मेदारी बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी समझदारी से काम संभाल लेंगे। पैसों के मामले में स्थिरता बनी रहेगी।

**सिंह** : प्रेम जीवन में मधुरता रहेगी और साथी का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**कन्या** : रिश्तों में ज्यादा सोच-विचार से बचें और बात को सरल रखें। खर्च बढ़ सकता है, इसलिए गैर-जरूरी चीजों से दूरी रखें।

**तुला** : दफ्तर में किसी फैसले को टालना बेहतर रहेगा। पैसों को लेकर बड़ा कदम उठाने से पहले सोच लें।

**वृश्चिक** : रिश्तों में ईमानदारी जरूरी रहेगी। पैसों के मामले में सोच-समझकर खर्च करें। सेहत ठीक रहेगी।

**धनु** : प्रेम जीवन में खुशी और अपनापन रहेगा। पैसों के मामले में दिन अच्छा है और किसी पुराने प्रयास का फल मिल सकता है।

**मकर** : रिश्तों में दूरी न आने दें और समय निकालकर बातचीत करें। खर्च बढ़ सकता है, इसलिए पैसों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** : रिश्तों में सहयोग और समझ बनी रहेगी। पैसों के मामले में सुधार के संकेत हैं। सेहत सामान्य रहेगी।


**मीन** : पैसों में लाभ के योग हैं, लेकिन खर्च पर नजर रखना जरूरी होगा। रिश्तों में संवेदनशीलता रखें।

## ज्योतिष/वास्तु

# राहु-सूर्य युति से बनेगा ग्रहण योग, फरवरी में इन राशियों को रहना होगा सतर्क

13 फरवरी 2026 को सूर्य का गोचर कुंभ राशि में होगा, जहां पहले से राहु विराजमान हैं। इस कारण फरवरी में राहु-सूर्य की युति से ग्रहण योग बनेगा, जिसका प्रभाव मार्च के मध्य तक देखा जाएगा। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका असर पड़ेगा और कौन-से उपाय लाभकारी रहेंगे।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य और राहु के बीच स्वाभाविक शत्रुता मानी जाती है। जब ये दोनों ग्रह एक ही राशि में एक साथ स्थित होते हैं, तो ग्रहण योग का निर्माण होता है। 13 फरवरी 2026 को सूर्य का गोचर कुंभ राशि में होगा, जहां पहले से राहु विराजमान हैं। इस कारण फरवरी में राहु-सूर्य की युति से ग्रहण योग बनेगा, जिसका प्रभाव मार्च के मध्य तक देखा जाएगा। इस अवधि में कुछ राशियों को



विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका असर पड़ेगा और कौन-से उपाय लाभकारी रहेंगे।

- **कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए यह ग्रहण योग अष्टम भाव में बन रहा है, जिससे कार्यों में रुकावटें आ सकती हैं। इस दौरान किसी भी तरह का बड़ा फैसला लेने से बचें। खर्चों में अचानक बढ़ोतरी संभव है। जमा पूंजी खर्च करनी पड़ सकती है।
- **उपाय:** नियमित रूप से भगवान शिव की पूजा करें और मानसिक शांति बनाए रखें।
- **कन्या राशि–** कन्या राशि के जातकों को इस समय मानसिक दबाव महसूस हो सकता है। सामाजिक जीवन में बोलचाल पर नियंत्रण रखें। कार्यस्थल पर राजनीति और विवादों से दूरी बनाएं। विरोधी इस दौरान सक्रिय रह सकते हैं, इसलिए सावधानी जरूरी है
- **उपाय:** गेहूं या गुड़ का दान करना आपके लिए शुभ रहेगा।
- **वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि वालों को पारिवारिक मामलों में सतर्क रहने की आवश्यकता है। माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। निवेश से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करें। कोर्ट-कचहरी या कानूनी मामलों में परेशानी हो सकती है। वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें।
- **उपाय:** सूर्य देव से जुड़े मंत्रों का नियमित जाप करें।
- **मीन राशि–** मीन राशि के जातकों में इस दौरान ऊर्जा और आत्मविश्वास की कमी देखी जा सकती है। करियर में बाधाएं सामने आ सकती हैं। आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी है। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक सकता है। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों से बात करते समय संयम रखें।
- **उपाय:** लाल रंग के वस्त्रों का दान करना लाभकारी रहेगा।

## खबर एक नजर...

### विराटनगर स्थित घर से हिरासत में आया जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के बेगमबाग में रहने वाला शाहरूख उर्फ चकमक पिता रशीद अपराधिक प्रवृति का बदमाश है। कुछ माह पहले उसकी अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लागने के लिये महाकाल थाना पुलिस ने जिलाबदर की कार्रवाई का प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय भेजा था। जहां से बदमाश को जिले की सीमा से बाहर भेजने के आदेश जारी किये गये थे। बदमाश को पुलिस ने जिले की सीमा से बाहर कर दिया था, लेकिन कुछ दिन बाद ही वह वापस शहर में आया और चिमनगंज थाना क्षेत्र स्थित विराटनगर स्थित घर में छुपकर रहने लगा। रविवार रात चिमनगंज थाना पुलिस को जिलाबदर बदमाश के विराटनगर में दिखाई देने की खबर मिली तो पुलिस ने दबिश दी। उसे घर से हिरासत में लिया गया। प्रधान आरक्षक सतीश यादव ने बताया कि जिलाबदर अवधि के दौरान शहरी सीमा में पाये जाने पर बदमाश के लिये म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 का प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसे सोमवार न्यायालय में पेश कर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

### दुकान के सामने से बस हटाने के विवाद में चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के कसाई चौक में शाकीर पिता सकुर खां निवासी विश्वकर्मा पथ दुकान का संचालन करता है। उसकी दुकान के सामने शाबीर खां निवासी कसाई चौक ने बस खड़ी कर दी थी। बस हटाने की बात पर दोनों में विवाद हो गया। शाकीर ने अपने साथियों के साथ शाबीर खां के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं शाबीर ने भी शाकीर के साथ मारपीट कर धमकी दी। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। मारपीट के क्रास प्रकरण का एक मामला राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम धौंसला में हुआ। जहां मुशरान पिता अब्दुल मजीद और नारायणसिंह सौंधिया के बीच गाली-गलौच नहीं करने की बात पर थप्पड़-मुक्के चल गये। पुलिस मामले में तत्काल संज्ञान लिया और दोनों को हिरासत में ले लिया।

### मृतक का पोस्टमार्टम के बाद पुलिस करायेगी अंतिम संस्कार

**उज्जैन।** माधवनगर थाना पुलिस ने रविवार सुबह वल्लभनगर और सेठीनगर क्षेत्र के बीच खाली जमीन पर बबलू के पेड़ से एक व्यक्ति की अर्द्धनग्न लाश रेलवे की चादर से लटकी बरामद की थी। मृतक सिर्फ अंडरवियर में था, उसके आसपास से कोई ऐसा प्रमाण नहीं मिला था, जिसके माध्यम से उसकी पहचान हो सके। बावजूद पुलिस 2 दिनों से उसकी शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है। एएसआई एमएस अलावा ने बताया कि क्षेत्र में सब्जी वाले और कुछ लोगों ने उसे रविवार शाम को अर्द्धनग्न हालत में बाघेश्वरी माता मंदिर के आसपास भी देखा था। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त नजर आ रहा था। एएसआई अलावा के अनुसार मंगलवार सुबह तक परिजनों का पता नहीं चलने पर दोपहर में उसका पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया दफनाने के रूप में की जायेगी।

### पिता ने पैसे देने से मना किया तो पुत्रों ने की मारपीट

**उज्जैन।** कायथा के छोटा बाजार में रहने वाले अम्बाराम पिता गिरधारीलाल माली 55 साल के साथ सोमवार दोपहर पुत्रों राहुल और मनोज ने कपड़े धोने की मोगरी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घायल अम्बाराम को परिवार के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। कायथा पुलिस ने बताया कि घायल अम्बाराम के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि दोनों पुत्र अलग रहते है। राहुल की शादी होना है, उसे रूपयों की आवश्यकता थी, वह 50 हजार रुपए मांग रहा था। मना करने पर राहुल और मनोज ने मारपीट की है। पुलिस के अनुसार दोनों पुत्रों के खिलाफ धारा 115(2), 296 बी, 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों पुत्रों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |

2 3 6

## नागदा में 2 समुदाय के बीच बबाल के बाद 4 मामले दर्ज

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, 8 से 9 उपद्रवी हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




दाहोद से उज्जैन आ रही मेमू ट्रेन में रविवार-सोमवार रात विवाद ने ट्रेन के नागदा पहुंचने के बाद सांप्रदायिक रूप ले लिया था। स्थिति पर नियंत्रण करने के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मामले में 4 प्रकरण दर्ज किये गये और सोमवार को फ्लैग मार्च किया गया। 8 से 9 उपद्रवी पुलिस की हिरासत में आ गये है।

नागदा में रविवार रात उस वक्त बबाल खड़ा हो गया था जब दाहोद से उज्जैन के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन में रतलाम-खाचरौद के बीच अस्थियां विर्सजित करने आ रहे परिवार के साथ वर्ग विशेष के युवको द्वारा मारपीट की गई थी परिवार की बालिका से छेड़छाड़ का प्रयास किया था। मामला जीआरपी पहुंचा था, इसी बीच वर्ग विशेष के युवको ने अपने साथियों को बुला लिया था। मामले की जानकारी लगते ही हिन्दूवादी संगठन भी एकत्रित हो गया था। जिसके बाद स्टेशन परिसर से लेकर नागदा क्षेत्र में बबाल मच गया और अफरा-तफरी फैल गई थी। 2 समुदाय के बीच विवाद की खबर लगते ही नागदा, खाचरौद, और बिरलाग्राम थाने के साथ आसपास के थानों का पुलिस बल रेलवे स्टेशन पहुंच गया था। उपद्रव करने वालों का तितर-बितर करने के लिये हल्का बल प्रयोग किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा भी घटनाक्रम सामने आने पर रात में नागदा पहुंच गये थे। देर रात मामला पूरी तरह शांत कर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया था। कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से रातभर नागद स्टेशन से लेकर आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। सोमवार सुबह पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और शांति की अपील की। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामले में 8 से 9 उपद्रव करने वालों को हिरासत में लिया गया है। नागदा-रतलाम जीआरपी में 3 प्रकरण दर्ज किये गये है। वहीं एक प्रकरण नागदा थाने पर दर्ज किया गया है।

**परिवार को पुलिस ने पहुंचाया उज्जैन-** दाहोद से उज्जैन अस्थियां विर्सजित करने आ रहे परिवार को नागदा पुलिस ने सुरक्षित तरीके से सोमवार सुबह उज्जैन पहुंचाया। इस दौरान पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और मदद के लिये परिवार ने आभार माना। इस दौरान पुलिस ने परिवार को निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

- **प्रकरण मामला-1:** नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि रात में हुए उपद्रव के मामले में बिरलाग्राम बीमा कालोनी के रहने वाले अनुज पिता प्रकाश जीनवाल की शिकायत पर बबन और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अनुज बाजार से लौट रहा था उसी दौरान विवाद बढ़ने पर उसे आरोपियों ने रास्ता रोक धमकाया और मारपीट की थी।
- **प्रकरण मामला-2 :** नागदा जीआरपी ने रितेश उर्फ रोशन शुक्ल की शिकायत पर अमजद लाला और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। रितेश के अनुसार उसने ट्रेन में चल रही मारपीट का विरोध किया तो उसे धमकाया गया और जान से मारने की धमकी दी गई।
- **प्रकरण मामला-3 :** नागदा जीआरपी ने गुजरात के टिम्बा गांव में रहने वाले परिवार की शिकायत पर नरेश भाई की ओर से रतलाम-खाचरौद के बीच से ट्रेन में चढ़े युवकों द्वारा उनकी नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। जिसे रतलाम जीआरपी को भेजा जायेगा।
- **प्रकरण मामला-4 :** नागदा जीआरपी ने अमजद खान निवासी जन्मजय मार्ग नागदा की शिकायत पर रोशन शुक्ल द्वारा गाली-गलौच करने और मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है। अमजद ने शिकायत में बताया कि वह सामाजिक दायित्व के चलते जीआरपी आया था। इस दौरान उसके साथ गाली-गलौच मारपीट और धमकी दी गई।

# लूट के इरादे से हत्या करने वालों को उम्रकैद की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेत पर बने कमरे में सोये वृद्ध के साथ लूट के इरादे से हाथ-पैर बांधकर हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने 8 साल बाद फैसला सुनाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 2 जून 2017 को खाचरौद थाना पुलिस ने ग्राम थडोदा में रहने वाले विक्रमसिंह की हत्या का मामला मृतक के पुत्र विरेन्द्रसिंह की शिकायत पर दर्ज किया था। घटनाक्रम के दौरान पुत्र ने बताया था कि वह शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम हिपाखेड़ी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। उसके पिता खेत पर बने मकान में रात को सोने जाते थे। घटनावाली रात भी खेत पर गये थे, जब सुबह वापस नहीं लौटते वह खेत पर पहुंचा। मकान पर ताला लगा हुआ था, वापस घर लौटा लेकिन पिता दिखाई नहीं दिये। उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान मां कमलकुंवर खेत पर पहुंची उसने बंद मकान की दीवार में बने छेद से अंदर झांका, पिता खून से लथपथ हालत में पड़े थे। आसपास के लोगों और गजराजसिंह को बुलाकर दरवाजे का ताला तोड़ा गया। पिता के हाथ-पैर और मुंह बंधा हुआ था। उनकी मौत हो चुकी थी। पिता को मोबाइल गायब था और भैंस के साथ पाड़ी भी नहीं थी। लूटपाट के इरादे से हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की। जिसके आधार पर रतलाम के रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम उमरबट्टा में रहने वाले कैलाश पिता मांगू डोडियार को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने लूट के लिये हत्या करना स्वीकार कर लिया। जिसके खिलाफ धारा 302/34, 394/ 34, 397/34, 450, 201 भादवि के साथ 66 बी आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। 8 साल चली सुनवाई के बाद खाचरौद प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को हत्या, लूट का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा से दंडित किया।

# मंदिरों की सुरक्षा पुख्ता करने निकली पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिछले दिनों इंगोरिया और घटिया थाना क्षेत्र के मंदिरों में हुई चोरी की बड़ी वारदात के महाकाल थाना पुलिस अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को मुक्त करने के लिए सोमवार शाम एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र पहुंची। मंदिर के पुजारी और प्रबंध समिति से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

जनवरी माह के अंतिम दिनों में इंगोरिया थाना क्षेत्र के दंगवाड़ा स्थित बोरेश्वर महादेव मंदिर और घटिया क्षेत्र के आशापुरी भवानी मंदिर में हुई चोरी की बड़ी वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर महाकाल थाना पुलिस अपने क्षेत्र के बड़े धार्मिक मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए, सोमवार शाम एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र पहुंची। पुलिस टीम द्वारा भूखी माता मंदिर के पुजारी राज चौहान के मीटिंग की गई और मंदिर के बंद पड़े कैमरे के संबंध में दिशा निर्देश दिए। थाना प्रभारी गगन बादल के नेतृत्व में टीम श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर, कांच का जैन मंदिर घी मंडी, साकेत धाम हनुमान मंदिर, स्वर्गद्वार ईश्वर महादेव मंदिर, गणेश राव महल नलिया बाखल, जैन मंदिर सुरजनगर, मुल्लापुरा श्री राम मंदिर पहुंची और पुजारी के साथ मंदिर समिति के साथ चर्चा कर मंदिर के बाहर और परिसर में कैमरे लगवाने के साथ ही दान पेटी में रात के समय राशि नहीं रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सूरज नगर में मोहल्ला मीटिंग भी की गई और मंदिरों की सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए। पुलिस ने मंदिरों में मूल्यवान धातु के नहीं रखना और चौकीदारों की नियुक्ति करने के आदेश भी जारी किए। गौरतलब हो कि इंगोरिया और घटिया स्थित मंदिर में हुई चोरी की वारदात के बाद धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थल और मंदिरों की सुरक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके चलते महाकाल थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के कई मंदिरों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए मैदान संभाल लिया है।




## मक्सी के आसपास तलाश, बदमाशों का नहीं मिला सुराग

# लूट के बाद बाइक से भागते बदमाशों के सामने आये फुटेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पशु बेचकर लौट रहे 2 किसानों के साथ हुई 1.50 लाख की लूट के मामले में कायथा थाना पुलिस मक्सी के आसपास बदमाशों की तलाश में लगी हुई है। दोनों बदमाशों के बाइक से भागते फुटेज भी सामने आये है। लेकिन सोमवार शाम तक दोनों का सुराग नहीं मिल पाया था।

एसडीओपी भविष्य भास्कर ने बताया कि शनिवार दोपहर को रामपुरा मार्ग लक्ष्मीपुरा फंटा पर बाइक सवार 2 बदमाशों ने ग्राम नरेसली में रहने वाले 2 किसानों सतीश शाह और रामलाल की आंखों मे मिर्ची झोंककर 1.50 रुपए लूटने की वारदात को अंजाम दे दिया था। दोनों किसान मक्सी से पशु बेचकर लौट रहे थे। बदमाशों ने पहले उनकी बाइक को टक्कर मारी थी और गिराया था। वारदात के बाद से कायथा थाना पुलिस की एक टीम बदमाशों की तलाश में लगी हुई है। आसपास क्षेत्र के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर बदमाशों के बाइक से भागते चेहरे भी सामने आये है। बदमाश मक्सी की ओर भागे है। टीम द्वारा मक्सी में तलाश की जा रही है और बदमाशों के रूट को ट्रेस किया जा रहा है। फिलहाल सोमवार शाम तक दोनों बदमाश पुलिस की हिरासत में नहीं आ पाये थे।



**आसपास की थाना पुलिस को भेज फुटेज-** बताया जा रहा है बदमाश मक्सी पशु बाजार से किसानों के पीछे लगे थे। वहीं वारदात के बाद उनके मक्सी की ओर भागने के फुटेज सामने आये है। जिसके आधार पर आसपास की थाना पुलिस को भी फुटेज भेजे गये है। जिसके चलते बदमाशों की पहचान हो सके। बदमाशों की पहचान के लिये शाजापुर पुलिस से भी संपर्क किया गया है। जिस तरह से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है, बदमाश अपराधिक प्रवृति के प्रतित हो रहे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com